सुविचार

जीवन में ज्यादा रिश्ते जरूरी नही हैं.. पर जो रिश्ते हों उनमें जीवन होना जरूरी है..

RNI : RAJHIN13216/2005

दैनिक

# गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ।। ||| निष्पक्ष कलम निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार" | हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com | हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्षः 18 अंकः 91 पेजः 8 मूल्य 01 रु. | जयपुर, शनिवार 28 अक्टूबर, 2023 | Email: garibonkasitara@gmail.com


पाकिस्तान लगातार चौथा वर्ल्ड कप मैच हारा

## रोमांचक मुकाबले में एक विकेट से जीता साउथ अफ्रीका



सितारा न्यूज नेटवर्क

**चेन्नई।** पाकिस्तान के लिए 2023 का वनडे वर्ल्ड कप किसी बुरे सपने से कम नहीं साबित हो रहा। टीम को अब चेन्नई में साउथ अफ्रीका ने एक विकेट से रोमांचक मुकाबला हरा दिया। ये इस टूर्नामेंट में पाकिस्तान की लगातार चौथी हार है। इससे पहले टीम को भारत, ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान ने भी हराया था।

साउथ अफ्रीका के लिए केशव महाराज और तबरेज शम्सी ने 10वें विकेट के लिए 11 रन जोड़े। महाराज ने 48वें ओवर में मोहम्मद नवाज की बॉलिंग पर विनिंग चौका लगाया। शम्सी ने पहली पारी में 4 विकेट झटके, इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला। चेपॉक स्टेडियम में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी, टीम 46.4 ओवर में 270 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। बाबर आजम और सऊद शकील ने फिफ्टी लगाई। साउथ अफ्रीका ने 47.2 ओवर में 9 विकेट गंवाकर टारगेट हासिल कर लिया। ऐडन मार्करम ने 91 रन बनाए। वहीं पाकिस्तान से शाहीन अफरीदी ने 3 विकेट लिए। पाकिस्तान पर एक विकेट से जीत के बाद साउथ अफ्रीका पॉइंट्स टेबल में पहले नंबर पर पहुंच गया। टीम के 6 मैचों में 5 जीत से 10 पॉइंट्स हो गए हैं। मेजबान भारत के भी 5 मैचों में 5 जीत से 10 ही पॉइंट्स हैं, लेकिन बेहतर रन रेट के कारण साउथ अफ्रीका आगे है। दूसरी ओर 6 मैचों में 4 हार के बाद पाकिस्तान छठे नंबर पर ही है। 271 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीका टीम की शुरूआत अच्छी रही। टीम ने 2 ही ओवर में 30 रन बना लिए। पाकिस्तान से इफ्तिखार अहमद ने नई गेंद से पहला ओवर फेंका। डी कॉक ने शाहीन के पहले ओवर में 4 लगातार चौके लगाकर 19 रन बनाए। चौथे ओवर में साउथ अफ्रीका को पहला झटका भी लग गया, क्विंटन डी कॉक 24 रन बनाकर शाहीन अफरीदी का शिकार हुए। उनके बाद टेम्बा बावुमा और रासी वान डर डसन ने पारी संभाली। लेकिन 10वें ओवर में बावुमा भी कैच हो गए, उन्हें मोहम्मद वसीम ने पवेलियन भेजा। टीम ने 10 ओवर में 2 विकेट गंवाए लेकिन 67 रन भी बना लिए।

## कॉलेज स्टूडेंट्स को फ्री लैपटॉप... OPS गारंटी कानून का वादा, गहलोत ने फिर खेला बड़ा दांव

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** राजस्थान में 25 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक बार फिर बड़ा दांव खेला। सीएम गहलोत ने शुक्रवार दोपहर प्रदेश के हर वर्ग के लिए 5 और गारंटियों का ऐलान किया। इसके साथ ही कांग्रेस की गारंटियों की संख्या सात हो गई है। नई गारंटियों में कॉलेज स्टूडेंट्स को फ्री लैपटॉप सहित डढर गारंटी कानून का वादा भी शामिल है। जयपुर में पीसीसी के कांग्रेस के वॉर रूम में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने कांग्रेस की नई गारंटियों की घोषणा की। सीएम गहलोत ने गारंटी के नाम पर चुनावी वादे करते हुए कहा कि यदि राजस्थान में हमारी सरकार रिपीट हुई तो किसानों से 2 रुपए प्रति किलो गोबर, सरकारी कॉलेज के पहले साल के छात्रों को फ्री लैपटॉप और टैबलेट, 15 लाख रुपए तक की फ्री बीमा राहत, हर छात्र को अंग्रेजी माध्यम शिक्षा की गारंटी और सरकारी कर्मचारियों के लिए ओपीएस कानून बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे प्रदेश के हर वर्ग के



लोगों को काफी फायदा मिलेगा।

### 2 रुपए किलो गोबर

किसानों के लिए छत्तीसगढ़ की तर्ज पर राजस्थान में भी दो रुपए किलो में गोबर खरीदने की योजना का ऐलान किया गया है। कांग्रेस ने राजस्थान में इस योजना का नाम गोधन गारंटी रखा है। इस योजना के तहत किसान दो रुपए किलो गोबर बेच सकते है।

### कॉलेज स्टूडेंट्स को फ्री लैपटॉप

दूसरी गारंटी हर कॉलेज के स्टूडेंट्स को लैपटॉप देने की दी गई है। कांग्रेस के फिर से सत्ता में आने पर हर कॉलेज स्टूडेंट्स को कॉलेज में एडमिशन के साथ यानी पहले साल में ही फ्री लैपटॉप या टैबलेट दिया जाएगा। इस योजना का लाभ सरकारी कॉलेज के स्टूडेंट्स को ही मिलेगा।

### ओपीएस गारंटी कानून

कांग्रेस ने सत्ता में आने पर ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) गारंटी एक्ट लाने का वादा किया है। बता दें कि प्रदेश के कर्मचारियों को ओपीएस देने की शुरूआत इसी बजट से की गई है। अब गहलोत ने सत्ता रिपीट होने पर ओपीएस गारंटी कानून लाने का वादा किया है।

### प्राकृतिक आपदा पर 15 लाख का बीमा

कांग्रेस की ओर से आपदा राहत बीमा गारंटी देने का वादा किया है। इसके तहत प्राकृतिक आपदा में हुए नुकसान में पीड़ित परिवार का 15 लाख तक का फ्री बीमा करवाने का वादा किया है।

### पहले हो चुका है दो गारंटियों का ऐलान

इससे पहले सीएम गहलोत प्रदेशवासियों के लिए 2 गारंटियों की घोषणा कर चुके है। झुंझुनू के अरड़ावता में बुधवार को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी की मौजूदगी में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने प्रदेश की महिलाओं के लिए गृहलक्ष्मी गारंटी योजना का ऐलान करते हुए कहा था कि राजस्थान में दोबारा कांग्रेस की सरकार बनने पर हर परिवार में एक महिला को सालाना 10 हजार रुपए की सम्मान राशि दी जाएगी। साथ ही गहलोत ने 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने की अपनी मौजूदा योजना का विस्तार करते हुए सभी 1.04 करोड़ परिवारों को इसके दायरे में लाने की घोषणा भी की थी।

### अंग्रेजी मीडियम से पढ़ाई

प्रदेशभर में हर स्टूडेंट्स को अंग्रेजी मीडियम से पढ़ाई कराने की तीसरी गारंटी दी गई है।

सीएम गहलोत का बड़ा हमला

## कुत्तों से ज्यादा राजस्थान में ED घूम रही है: गहलोत

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** मुख्यमंत्री गहलोत ने शुक्रवार को कांग्रेस की 7 गारंटी लॉन्च की। इस मौके पर सीएम गहलोत ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि देशभर में एजेंसियों का दुरुपयोग हो रहा है। राजस्थान में तो हालात ये है कि चुनावी से पहले कुत्तों से ज्यादा ईडी घूम रही है। बता दें कि गुरुवार को ईडी ने पीसीसी चीफ गोविंद डोटासरा और कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. ओमप्रकाश हुडला के कई ठिकानों पर छापे मारे थे। साथ ही ईडी ने वैभव गहलोत को समन जारी किया गया। जयपुर में पीसीसी के वॉर रूम में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेस में राजस्थान में ईडी रेड पर सीएम गहलोत ने कहा कि राजस्थान में भरोसे का नाम कांग्रेस हो गया है। हमारे अध्यक्ष के घर ईडी पहुंच गई। कमेंट आ रहे है कि अध्यक्ष ईडी के बारे में कुछ ज्यादा ही बोल रहे है।



लेकिन, केंद्र सरकार के इशारे पर सीबीआई, ईडी और इनकम टैक्स नाच रही है। राजस्थान में तो कुत्तों से ज्यादा ईडी घूम रही है।

**हमारी गारंटियों से घबरा गए मोदी:** सीएम गहलोत ने कहा कि मोदी जी आपको समझ में नहीं आ रहा आपकी देश में उल्टी गिनती शुरू हो गई है। राजस्थान और हमारी गारंटियों से मोदी इतने घबरा गए हैं कि वह अब यह कहने लगे हैं कि हम गारंटी देते हैं। हमारी गारंटी मॉडल को प्रधानमंत्री मोदी फॉलो कर रहे हैं।

## सीनियर IAS के घर से मिली करोड़ों की प्रॉपर्टी: रतू के 5 प्लॉट, पत्नी के 2 फ्लैट

### बेटी-रिश्तेदारों के नाम भी संपत्ति, घर में कैश-ज्वेलरी मिली

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** सीनियर आईएएस और सहकारिता विभाग के रजिस्ट्रार मेघराज सिंह रतू के घर पर आज सुबह एंटी करप्शन ब्यूरो ने छापा मारा है। रतू के जयपुर, अजमेर, श्रीगंगानगर, जैसलमेर और सीकर स्थित आवास और ऑफिस पर भी सर्च किया गया। जयपुर के जगतपुरा में एनआरआई कॉलोनी स्थित रतू के घर पर कार्रवाई चल रही है। अब तक हुई जांच में मेघराज सिंह रतू और उनके परिवार-रिश्तेदारों के नाम बड़ी संख्या में करोड़ों रुपए की प्रॉपर्टी, गहने, कैश और लॉकर मिले हैं।

एडीजी एसीबी हेमंत प्रियदर्शी ने बताया- जांच के दौरान मेघराज सिंह रतू के नाम से जयपुर में पांच प्रॉपर्टी मिली हैं। वहीं, पत्नी मंजूला रतू के नाम से एक प्लॉट और दो फ्लैट मिले हैं। बेटी महीजा रतू के नाम से भी एक प्लॉट मिला है। भांजे महिपाल सिंह और भांजे की पत्नी के नाम से भी प्लॉट होने की जानकारी मिली है।

साथ ही तलाशी के दौरान 6 लाख रुपए कैश, सोने-चांदी के गहने, चार लॉकर मिले हैं। वहीं, बेटे मिहिर रतू की महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई के लिए करीब 50 लाख रुपए देने के कागजात भी टीम को मिले हैं। एसीबी की टीम अब लॉकर की भी जांच करेगी।

**ऑफिस में चार संदिग्ध डायरियां मिली:** एडीजी एसीबी हेमंत प्रियदर्शी ने बताया- अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलराम सिंह मीणा ने रतू के सहकार भवन स्थित सहकारिता विभाग के रजिस्ट्रार ऑफिस की भी तलाशी ली। छानबीन के दौरान भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी की रसीद, बिजली का बिल, चार संदिग्ध डायरियां और एक पेन ड्राइव मिली है। मेघराज सिंह के नाम से एसबीआई बैंक के चेक की फोटो भी मिली है। एडीजी ने बताया- मेघराज सिंह ने अपनी बेटी की शिक्षा पर करीब 60 लाख रुपए, शादी पर लगभग 1 करोड़ 50 लाख रुपए खर्च किए हैं। रतू ने अपने सेवाकाल में विदेश यात्राएं करना, जयपुर क्लब और रामबाग गोल्फ क्लब में सदस्यता भी ली है।

**शिकायत के आधार पर एसीबी ने जांच की:** बता दें कि मेघराज सिंह रतू के खिलाफ एसीबी को कुछ समय पहले शिकायत मिली थी। इसके आधार पर एसीबी ने जांच की, लेकिन एसीबी रतू को ट्रैप नहीं कर सकी। एसीबी ने जब रतू की संपत्ति की जांच की तो उन्हें कई बेनामी संपत्तियों की जानकारी भी मिली है। इसके बाद उनके और रिश्तेदारों के घर पर टीम ने छापा मारने की कार्रवाई की।

रतू प्रमोटी आईएएस हैं। वे नेशनल हेल्थ मिशन के एडिशनल मिशन डायरेक्टर भी रह चुके हैं। इसके अलावा हॉर्टिकल्चर डिपार्टमेंट में कमिश्नर भी थे। 2019 में जोधपुर डेवलपमेंट अथॉरिटी के कमिश्नर रहते हुए उन्हें एपीओ किया गया था।

## आचार संहिता बाद अवैध सामग्री जब्ती का आंकड़ा 300 करोड़ पार

सितारा न्यूज नेटवर्क

**बीकानेर।** राजस्थान विधानसभा चुनाव के चलते प्रदेश में आचार संहिता लगी हुई है। राजस्थान पुलिस ने पूरे जिलों में नाकाबंदी के दौरान चैकिंग अभियान चलाया हुआ है। पुलिस ने आचार संहिता लगने के साथ ही पुलिस मादक पदार्थ, सोना-चांदी, नकदी व अन्य अवैध सामग्री की धरपकड़ तेज कर दी है। निर्वाचन विभाग ने पिछले 17 दिन में प्रदेश में 300 करोड़ रुपए से ज्यादा की अवैध सामग्री जब्त करने का रिकॉर्ड बताया है। इसमें सबसे ज्यादा अवैध शराब और अघोषित नकदी के मामले शामिल हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में निर्वाचन विभाग ने 66 दिनों में कुल 70 करोड़ रुपये मूल्य की अवैध सामग्री जब्त की थी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि निर्वाचन विभाग ने 2018 के आचार संहिता 65 दिनों के मुकाबले 17 दिनों में ही 433 फीसदी सीजर बढ़ा है। जयपुर जिले में 54.81 करोड़ की जब्ती के साथ पहले पायदान पर है। वहीं उदयपुर में 17.86 करोड़, अलवर में 15.86 करोड़, भीलवाड़ा में 14.43 करोड़, बांसवाड़ा में 14.36 करोड़, जोधपुर में 13.53 करोड़, चित्तौड़गढ़ में 11.66 करोड़, बाड़मेर में 11.44 करोड़, नागौर में 10.91 करोड़, बूंदी में 10 करोड़, गंगानगर में 9.64 करोड़, हनुमानगढ़ में 9.44 करोड़ रुपए सीजर की कार्रवाई हुई है।

## बसपा ने 20 उम्मीदवार किए घोषित

सितारा न्यूज नेटवर्क



**जयपुर।** राजस्थान में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने 20 प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है। बसपा अब तक 42 उम्मीदवार घोषित कर चुकी है। बसपा प्रदेश अध्यक्ष भगवान सिंह बाबा ने कहा कि उनकी पार्टी जल्द ही सभी विधानसभा क्षेत्रों पर उम्मीदवार घोषित कर देगी। पार्टी द्वारा सूची के अनुसार मुंडावर से पृथ्वीराज को टिकट दिया है। वहीं गोगुंदा से दलपत गरासिया को टिकट दिया है। झाडोल से निंबाराम भील को टिकट दिया है। सलूंबर से कन्हैयालाल मीणा का टिकट काटा है। उदयपुर ग्रामीण से खेमराज कटारा को टिकट दिया है। भीम से हुकमाराम को टिकट दिया है। वहीं नाथद्वारा से बाबूलाल साल्वी प्रत्याशी बनाया है। कुंभलगढ़ से नारायण लाल को टिकट दिया है। प्रतापगढ़ से कमल मीणा, आसपुर से दिलीप मीणा, चौरासी-विजय सिंह रौत, घाटोला- बाबूलाल गणावा, गढ़ी-सुर्यलाल खाट, कुंभलगढ़- हरेंद्र निमामा, मारवाड़ जंक्शन-गजराज कंवर, भादरा-रामनाथ शर्मा, लाडनूं- नियाम मोहम्मद, पोकरण-तुलसाराम, धोद-कालूराम मेहरड़ा और तारानगर से छोटूराम को टिकट दिया गया है।

## AAP सांसद संजय सिंह की कस्टडी 10 नवंबर तक बढ़ी: कहा- मोदी जी की जांच हो तो उन्हें जिंदगीभर जेल में रहना पड़ेगा

सितारा न्यूज नेटवर्क

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति केस के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार अअढ नेता संजय सिंह की शुक्रवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में पेशी हुई। कोर्ट ने संजय की न्यायिक हिरासत 10 नवंबर तक बढ़ा दी। पेशी के बाद कोर्ट से बाहर निकलते समय संजय सिंह ने कहा- अगर मोदी जी की जांच हो जाए तो उन्हें जिंदगी भर जेल में रहना पड़ेगा। मोदी जी एक भ्रष्ट नेता है, वे अडाणी के साथ मिलकर भ्रष्टाचार करते हैं। संजय सिंह के वकील फारुख खान ने न्यूज एजेंसी अठक को बताया- हमने कोर्ट में तीन एप्लीकेशन लगाई थीं, जिन्हें कोर्ट ने स्वीकार कर लिया।

1. संजय सिंह को ग्लूकोमा है, जिसका इलाज उन्हें प्राइवेट अस्पताल में कराने की अनुमति दी जाए। दरअसल, गिरफ्तारी से पहले ही संजय सिंह का प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा था। हमने कोर्ट में उसकी रिपोर्ट पेश की, इसके बाद कोर्ट ने इलाज जारी रखने की अनुमति दे दी।

2. संजय सिंह सांसद हैं, लेकिन उनके जेल में रहते हुए संसदीय क्षेत्र में चल रही विकास योजनाओं का पैसा न रोका जाए।

3. तीसरी एप्लीकेशन घर के खर्चों से जुड़े चेक की थी।

## SMS हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने फिर किया कमाल

### युवक के सीने के आर-पार हुए दो सरिए को निकाला

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** राजस्थान के सबसे बड़े हॉस्पिटल एसएमएस के ट्रॉमा सेंटर में डॉक्टरों ने एक बार फिर कमाल कर दिया है। यहां डॉक्टरों ने एक ऐसे युवक की जान बचाई है, जिसकी सीने से दो सरिए आर-पार निकल गए। नौ डॉक्टर्स सहित 14 लोगों की टीम ने करीब पांच घंटे के चले लंबे ऑपरेशन के बाद युवक के शरीर से दोनों सरिए निकाले।

ट्रोमा सेंटर के नोडल अधिकारी डॉ.अनुराग धाकड़ ने बताया कि 23 अक्टूबर को रात करीब 11 बजे कोटा निवासी रविप्रकाश (29) छत से गिर गया। उसके शरीर में दो सरिए सीने के आर-पार निकल गए। रविप्रकाश को कोटा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां से ट्रॉमा के लिए रेफर कर दिया गया। 24 अक्टूबर की सुबह मरीज जयपुर के एसएमएस पहुंचा। युवक की हालत देखते हुए डॉक्टरों ने तुरंत ऑपरेशन करना तय किया।

**दिल, सांस और खाने की नली के पास से निकला सरिया:** दोनों सरिए मरीज के सीने में एक तरफ से घुस कर दूसरी तरफ निकल चुके थे। दोनों सरिए उसके फेफड़ों के पास से होते हुए दिल, सांस की नली, खाने की नली और रीढ़ की हड्डी के पास से



होते हुए निकले हुए थे। डॉक्टरों को इन्हें निकालने में खून के बहाव का अत्यधिक खतरा था। डॉक्टरों की टीम ने सावधनीपूर्वक युवक के शरीर से दोनों सरियों को निकाला। फिलहाल, मरीज की स्थिति अभी गंभीर है, लेकिन खतरे से बाहर है और उसे आईसीयू में रखा गया है।

**डॉक्टरों की इस टीम ने किया सफल ऑपरेशन** टीम में सर्जरी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.सुमिता ए जैन, डॉ दिनेश गोरा, डॉ.हर्षवर्धन, डॉ.मधुर, डॉ.सबरीश, डॉ.मनजीत, डॉ.देवेंद्र पुरोहित, डॉ.भावना, डॉ.विजय, डॉ.कार्तिक एवं नर्सिंग अधिकारी गौतम व राम निवास शामिल रहे।

## पीएम मोदी के लिफाफे से 21 रुपए निकलने का सच, प्रियंका गांधी को पड़ा भारी

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी को राजस्थान दौरे के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर टिप्पणी करना भारी पड़ गया है। पीएम मोदी पर लिफाफा टिप्पणी करने पर निर्वाचन आयोग ने प्रियंका गांधी को गुरुवार को कारण बताओ नोटिस भेजा है। वहीं अब पीएम मोदी के लिफाफे से 21 रुपए निकलने का सच भी सामने आया है। देवनारायण मंदिर के मुख्य पुजारी हेमराज पोसवाल का इस पूरे मामले बयान जारी किया है। पुजारी हेमराज पोसवाल पूरी घटनाक्रम को झूठा बताया है। आखिर क्या है ये लिफाफा प्रकरण जिस पर इतना बवाल मचा हुआ इसके बारे में जानते है। सबसे पहले जानते है कि प्रियंका गांधी ने इस मामले में क्या कहा।

### प्रियंका गांधी ने लिफाफा को लेकर पीएम पर बोला था हमला

दरअसल, पिछले शुक्रवार (20 अक्टूबर) को प्रियंका गांधी दौसा जिले की सिकराय विधानसभा में कांग्रेस के ईआरसीपी जनजागरण अभियान में शामिल हुईं। इस दौरान प्रियंका गांधी ने जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा।



प्रियंका गांधी ने कहा कि मैंने टीवी पर देखा, पता नहीं सच है या नहीं। प्रधानमंत्री यहां देव नारायण मंदिर आए थे, जब उनका लिफाफा खोला तो 21 रुपए निकले।

देश में यही हो रहा है। आपको बड़े-बड़े लिफाफे दिए जा रहे हैं, जब आप उसको खोलते हैं तो उसमें कुछ नहीं निकलता है। इस पूरे प्रकरण में देवनारायण मंदिर के मुख्य पुजारी का बयान सामने आया है। देवनारायण मंदिर के मुख्य पुजारी हेमराज पोसवाल क्या कहा है।

### पुजारी बोले-लिफाफे पर गलत भ्रम फैलाया गया

देवनारायण मंदिर के मुख्य पुजारी हेमराज पोसवाल का इस पूरे मामले बयान सामने आया है। पुजारी हेमराज पोसवाल ने कहा कि राजनीतिक षड्यंत्र रचकर मेरा 21 रुपए वाला वीडियो वायरल किया गया है। वहीं कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने भी गलत बात कही। 21 रुपए के लिफाफे पर गलत भ्रम फैलाया गया। यह कार्यक्रम किसी दल का नहीं था। हमने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मंदिर में आने का निवेदन किया था।

दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 जनवरी 2023 को भगवान श्री देवनारायणजी के 1111वें ह्यअवतरण महोत्सवह्न के समारोह में शामिल होने यहां आए थे। कहा गया कि दौरे के दौरान पीएम मोदी ने मंदिर में रखे दानपात्र में एक लिफाफा डाला था। दानपात्र खुलने के बाद उसमें से तीन लिफाफे निकले। एक लिफाफे से 2100, दूसरे 101 और तीसरे में 21 रुपये थे। मंदिर कमेटी को लेकर जो बात बताई गई, उसमें कहा गया कि पीएम मोदी ने दानपात्र में जो लिफाफा डाला वह सफेद रंग था, उसमें से 21 रुपये निकले हैं।

दानपात्र से लिफाफा निकालने और फिर उसमें से निकले 21 रुपये की पूरी कवायद को कैमरे में कैद किया गया। जिसके बाद पीएम मोदी के लिफाफे से 21 रुपये निकलने की खबर मीडिया और कांग्रेस नेताओं तक पहुंच गई।

सोशल मीडिया पर ये वीडियो तेजी से वायरल हुआ। इसके बाद पीएम मोदी के मालासेरी डूंगरी मंदिर दौरे का एक वीडियो सामने आया। जिसमें साफ दिखाई दे रहा है कि पीएम मोदी ने दानपात्र में लिफाफा नहीं, बल्कि रुपए डाले थे।

| पूर्वानुमान | शनि | रवि | सोम | मंगल |
|---|---|---|---|---|
| अधिकतम | 25°c | 27°c | 27°c | 26°c |
| न्यूनतम | 19°c | 20°c | 21°c | 20°c |

21°

# राम कथा में सुनाया राम सीता विवाह का प्रसंग, हुई पुष्प वर्षा

सितारा न्यूज नेटवर्क

**आमेर/रोहन शर्मा।** राजधानी जयपुर के (आमेर) स्थित मंदिर श्री ठाकुर सीताराम जी मेहन्दी का बास में चल रही नवदिवसीय राम कथा में कथावाचक 108 बाबू दास महाराज ने अपने मुखारविंद से श्रीराम और सीता जी के विवाह का प्रसंग सुनाया।

**सीता व राम का विवाह हुआ:** बाबू दास महाराज ने बताया कि जब भी भक्त को प्रभु से प्रेम हो जाता है, तो प्रभु को अपने भक्त के लिए अवतार लेना ही पड़ता है। संसार में हर व्यक्ति कुछ न कुछ लेने ही आया है। वह किसी को कुछ देता भी है तो कुछ पाने की लालसा में। लोग सम्मान भी सहज रूप से नहीं देते। राजा जनक के दरबार में भगवान शिव का धनुष रखा हुआ था। एक दिन सीता ने घर की सफाई करते हुए उसे उठाकर दूसरी जगह रख दिया। उसे देख राजा जनक को आश्चर्य हुआ, क्योंकि धनुष किसी से उठता नहीं था। राजा ने प्रतिज्ञा की कि जो इस धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाएगा, उसी



से सीता का विवाह होगा। उन्होंने स्वयंवर की तिथि निर्धारित कर सभी राजा-महाराजा को विवाह के लिए निमंत्रण भेजा। वहां आए सभी लोगों ने एक-एक कर धनुष को उठाने की कोशिश की, लेकिन किसी को भी इसमें सफलता नहीं मिली। गुरु की आज्ञा से श्री राम धनुष उठा प्रत्यंचा चढ़ाने लगे तो वह टूट गया। इसके बाद धूमधाम से सीता व राम का विवाह हुआ। माता सीता ने जैसे प्रभुराम को वर माला डाली वैसे ही देवतागण उन पर फूलों की वर्षा करने लगे। कथा में श्री राम और सीता जी की झांकी सजाई गई। श्रद्धालुओं ने श्री राम और सीता के पैर पखारने और बधाई गीत पर जमकर नृत्य किया। इस दौरान श्री राम बारात में भी श्रद्धालुओं ने जमकर नृत्य किया। मंदिर के पुजारी ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि प्रतिदिन दोपहर एक बजे से सायं पाँच बजे तक कथा का आयोजन व कथा का समापन 2 नवम्बर को हवनपूणार्हुति के साथ व्यास विदाई कर भंडारे के साथ होगा।

## पंचाग

दिनांक:-28 अक्टूबर 2023 शनिवार

विक्रम संवत2080 आश्विन शुक्ल पक्ष

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | पूर्णिमा | 25:52:56 |
| पक्ष | शुक्ल | |
| नक्षत्र | रेवती | 07:30:10 |
| नक्षत्र | अश्विनी | 29:53:14 |
| योग | वज्र | 22:50:52 |
| करण | विष्टि भद्र | 15:02:28 |
| करण | बव | 25:52:56 |
| चन्द्र राशि | मीन | 07:30:10 |
| चन्द्र राशि | मेष | 07:30:10 |
| सूर्य राशि | तुला | |
| दिशा शूल | पूर्व | |
| सूर्योदय (जयपुर) | | 06:34:51 |
| सूर्यास्त | 17:46:01 | |
| चंद्रोदय | 17:27:18 | |
| चंद्रास्त | 30:51:40 | |
| राहू काल | 09:23 - 10:47 | |
| अभिजित | 11:48 - 12:33 | |

शुभ चोघडिया

| | | |
|---|---|---|
| शुभ | 07:59 - 09:23 | शुभ |
| चर | 12:10 - 13:34 | शुभ |
| लाभ | 13:34 - 14:58 | शुभ |
| अमृत | 14:58 - 16:22 | शुभ |



विशेष जानकारी:
पंचक समाप्त :- 07:30 तक
शरद पूर्णिमा:- आज
चंद्र ग्रहण :- आज

ज्योतिषाचार्य भानुप्रकाश शास्त्री

## आर्यों का महाकुंभ ब्यावर में

# ब्यावर आर्य समाज के 139वें वार्षिक उत्सव पर चार दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन

सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** आर्य समाज के 139 वे वार्षिक उत्सव 26अक्टूबर से 29 अक्टूबर तक चार दिवसीय कार्यक्रम धूमधाम, हर्षो उल्लास, उमंग, उत्साह से अनेक धार्मिक आयोजनों के साथ मनाया जा रहा है। आर्य समाज के मंत्री - राजेंद्र काबरा ने बताया कि प्रथम दिवस गुरुवार रात्रि 8.30 बजे से कार्यक्रम दयानन्द आर्य बालिका महाविद्यालय प्रांगण में अन्तराष्ट्रीय भजन सम्राट, राम, कृष्ण कथा वाचक आचार्य कुलदीप आर्य (मेरठ) ने अपनी मधुर आवाज में संगीतमय भजनों की सरिता बिखेरी पूरा वातावरण संगीतमय धार्मिक हो गया, एक से एक सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी सभी श्रोता मंत्रमुग्ध, भाव विभोर हो गए, पूरे पांडाल में तालिया बजती रही। भजन के बोल - मनवा ओ ऊ म सुन महिमा ..... प्रभु नाम के अमृत रस का जो प्राणी पान करेगा....परम सहारा मिल जाएगा .. प्रितम प्यारा मिल जाएगा ....मन मन्दिर में ज्योति जलाकर, जीवन के स्वर ताल



मिलाकर.... थे। साथ ही व्याख्यान में महर्षि दयानन्द सरस्वती के अनुयायी देश भक्त पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, गुरुदत विद्यार्थी, पंडित लेखराम आदि के जीवन पर प्रकाश डाला और बताया दयानन्द सरस्वती से मिलने के बाद कैसे इनके जीवन में परिवर्तन आया। संगीत में आप साथ दे रहे किबोर्ड पर सारनपुर से सोमप्रकाश (भजनीक), तबला बजा रहे शामली से अवनीश कुमार आर्य, ऑक्सोपेड़ पर संजय कुमार सहारनपुर से आदि। कार्यक्रम में प्रधान - भूदेव आर्य, महेश गुप्ता, नरेन्द्र आर्य, ओमप्रकाश नवाल, अभिमन्यु गहलोत, कैलाश छिपा, बृजेश मालू, अभयदेव आर्य, ओमप्रकाश, विजय, राजेंद्र काबरा, वैभव तोषनीवाल, संजय बाहेती, ड्रा.लालचंद हेडा, सीताराम चौहान, रोशनलाल पहलवान, शालू शर्मा, नूतन लाटा, सुमिति माहेश्वरी, राजस्थान प्रादेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के प्रधान - किशनलाल गहलोत, जीवर्धन व संजय अरोड़ा, अजय साहू, पीयूष, राधाकिशन रामेश्वर लाल भूतड़ा, लोकेश, कपिल, मोनू, रवि, छोटू धूत जिले के नागरिक बंधु, धर्म प्रेमी सम्मिलित हुवे। प्रधान भूदेव आर्य ने कहा कि रोज सुबह 7.30 बजे यज्ञ, भजन, उपदेश व रात्रि 8.30 बजे से भजन, उपदेश के कार्यक्रम होगे, नगर वासी, धार्मिक बंधु कार्यक्रम में पधार कर धर्म लाभ प्राप्त करे।

# मतदाता जागरूकता स्टीकर व वॉल पेंटिग विमोचन



सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)** उपखंड कार्यालय परिसर में स्वीप टीम द्वारा मतदाता जागरूकता के तहत वॉल पेंटिंग का उद्घाटन एवं स्टीकर विमोचन का कार्यक्रम आयोजित किया गया, इस कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता वॉल पेंटिग स्टीकर विमोचन का उद्घाटन रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम ब्यावर मृदुल सिंह एवं तहसीलदार ब्यावर मोहन सिंह राजावत ने किया, इस कार्यक्रम में ब्यावर शहर के समस्त मिष्ठान विक्रेता व्यापरीगण व्यापार संघ अध्यक्ष श्री संजय घीया कल्याण मल भंवरलाल, खंडेलवाल, बंसल मिष्ठान, जोधपुर मिष्ठान भंडार के मालिक तथा आम जनता आमंत्रित किया गया, सभी उपस्थित रहें, सभी से आगामी विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने हेतु आवाहन किया गयो कार्यक्रम का संचालन




स्वीप प्रभारी सुनील व्यास ने किया इस कार्यक्रम में सभी प्रशासनिक अधिकारी शिक्षा चिकित्सा तहसील उपखंड स्तर एवं जिला स्तर के समस्त अधिकारी कर्मचारी के साथ-साथ पटवारी, ग्राम विकास अधिकारी, गिरदावर सुपरवाइजर बी एल ओ शहर की राजकीय विद्यालय के संस्था प्रधान ई एल सी प्रभारी मुख्य ब्लॉक शिक्षा चुनाव शाखा के समस्त कार्मिक अधिकारी पुनम माहरडा, रोहित अमरवाल, गणपत सिंह उपस्थित रहे। रिटर्निंग अधिकारी ने सभी टीम को निष्पक्ष व शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए बैग की भूमिका पर प्रकाश डाला, व्यापारिक संघ के अध्यक्ष ने शत प्रतिशत मतदान के लिए रिटर्निंग अधिकारी को विश्वास दिलाया, कार्यक्रम के अंत में तहसील दार श्री मोहन सिंह राजावत ने सभी उपस्थित कार्मिकों अधिकारियों वआम जनता को मतदान की शपथ दिलाई।

# भामाशाह कान्हा शर्मा का C.B.E.O ऑफिस सरमथुरा में हुआ जोरदार स्वागत



सितारा न्यूज नेटवर्क

**सरमथुरा/अंकित गोयल।** सरमथुरा की C.B.E.0 ऑफिस में लंबे समय से प्रिंटिंग मशीन की समस्या चली आ रही थी! जो भामाशाह कान्हा शर्मा के संज्ञान में आयी! तब कान्हा शर्मा अध्यापक ने प्रिंटर किया भेंट। उइएड जितेन्द्र जादौन सहित अध्यापक गणों ने कान्हा शर्मा का माला पहना कर सपा बांधकर जोरदार स्वागत किया और आभार जताया! भामाशाह कान्हा शर्मा ने कहा मुझे जब पता चला तब मैंने निर्णय लिया और मैं आगे भी सामाजिक कार्यों में रहूंगा हमेशा आगे" जहां मेरी जरूरत पड़ेगी हमेशा दूंगा साथ! C.B.E.0 जितेंद्र सिंह जादौन सरमथुरा, A.C.B.E.O रामगोपाल मीणा, फढ पीतम सिंह मीणा एवं सरमथुरा क्षेत्र के सभी अध्यापक रहे उपस्थित कान्हा शर्मा ने बताया मैं पूर्व में अपने विद्यालय में समय-समय पर भामाशाह के रूप में कार्य करता रहा हूं मेरे द्वारा लाखों रुपए का भामाशाह मेने विद्यालय में दिया है अब जो प्रिंटर दे रहा हूं उसकी कीमत लगभग 30000 है जिसकी समस्या ऑफिस में कई दिन से चली आ रही थी जिसे लेकर आरपी पीतम सिंह मीणा द्वारा मुझे प्रेरणा दी गई और मैने तुरंत प्रभाव से इसे स्वीकार किया और आज C.B.E.O. ऑफिस सरमथुरा जाकर प्रिंटर को भेंट किया।

# राजस्थानी सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन

सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)** वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित भंवर लाल गोठी पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को इंटर हाउस सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 80 बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता राजस्थानी थीम पर आयोजित की गई जिसमे सीनियर और जूनियर वर्ग के सभी डांस ग्रुप ने शानदार प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया प्रतियोगिता का संचालन मैरी डेनियल ने किया। प्रतियोगिता में प्रधानाचार्य डॉ अनिल कुमार शर्मा ने राजस्थानी भाषा में उद्बोधन देकर उपस्थित बच्चों को गदगद कर दिया। नियंत्रक ललित कुमार लोढ़ा ने सभी प्रतिभागियों और उनके मेंटर्स को उत्साहवर्धन करते हुए परिणाम जारी किया जिसमे जूनियर



वर्ग में अशोका गोल्ड हाउस प्रथम, रमन ग्रीन हाउस द्वितीय और टैगोर ब्लू हाउस तृतीय स्थान पर रहे। जबकि सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान सुभाष रेड हाउस, द्वितीय स्थान टैगोर ब्लू हाउस और तृतीय स्थान पर अशोका गोल्ड हाउस और रमन ग्रीन हाउस ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया इस अवसर पर वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ नरेन्द्र पारख, निदेशक डॉ आर सी लोढा, नियंत्रक ललित कुमार लोढ़ा, प्राचार्य डॉ अनिल कुमार शर्मा, उप प्राचार्या सुनीता चौधरी ने सभी प्रतिभागियों को शानदार प्रस्तुति के लिए उत्साहवर्धन किया।

# अर्जुन सारण बने जयपुर जाट महापंचायत संस्थान के जयपुर उपाध्यक्ष

सितारा न्यूज नेटवर्क



**जयपुर।** जयपुर जाट महापंचायत के पदाधिकारियों का विस्तार करते हुए जयपुर जाट महापंचायत संस्थान के अध्यक्ष हीरानंद कटारिया ने अर्जुन सारण छीतर सारण निवासी सारणो की ढाणी, हाथोज को जयपुर उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया अर्जुन जाट कई वर्षों से समाज सेवा में लगे हुए हैं धार्मिक सामाजिक समाज के लिए तन मन धन से कार्य करते आए हैं। जाट महापंचायत के सभी पदाधिकारियों ने बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की।

# डूंगर कॉलेज में महिला अधिकारिता पर व्याख्यान



सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** संभाग के सबसे बड़े राजकीय डूंगर महाविद्यालय बीकानेर में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान का विषय था महिला के कानूनी अधिकार। राजकीय विधि महाविद्यालय बीकानेर की सहायक आचार्य श्रीमती मीनाक्षी कुमावत ने संविधान, कानून में महिलाओं के अधिकारों के बारे में विस्तृत चर्चा की उन्होंने बताया कि भारत में महिलाओं को पुरुषों के बराबर समस्त अधिकार प्राप्त है, उनकी सुरक्षा के लिए कड़े कानून बने हुए हैं जिनकी जानकारी सभी महिलाओं को होना अनिवार्य है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. राजेंद्र पुरोहित ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि हम सबको अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का भी भान होना चाहिए। कार्यक्रम का प्रारंभ करते हुए प्रो. सोनू शिवा ने छात्राओं के साथ छात्रों को भी अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए कहा। कार्यक्रम का संचालन प्रो.करबी साहा ने तथा धन्यवाद ज्ञापन दर्शनशास्त्र की सहायक आचार्य निधि शर्मा ने किया। कार्यक्रम में डॉ. अनिला पुरोहित, सुरुचि गुप्ता, श्यामा अग्रवाल, मनीषा अग्रवाल, अनिता गोयल, सुमन लता त्रिपाठी, अर्चना पुरोहित सुनीता मंडा इत्यादि संकाय सदस्य तथा बहु संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

# समय-समय पर शरीर की जाँच बेहद आवश्यक

सितारा न्यूज नेटवर्क

**सरमथुरा/अंकित गोयल।** ममता हेल्थ इंस्टीट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड की ओर से धौलपुर के सरमथुरा ब्लॉक की पंचायत मडासिल के गांव हरलालपुरा के विद्यालय में आजा कैंप (आरोग्यता जन जागरुकता अभियान) का आयोजन किया गया जिस में गैर संचारी रोगों के बारे में बताया। मधुमेह और बी पी (उच्च रक्तचाप) की जांच की गई। CHO राजेन्द्र मीणा जी ने बताया कि हमे मधुमेह और उच्च रक्तचाप की जांच वर्ष में एक बार अवश्य करवानी चाहिए। यह जांच हम अपने नजदीकी उप स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर, अपने आस पास के किसी भी अस्पताल में जाकर निःशुल्क करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि गैर संचारी रोग वो रोग होते है जो छूने पर या एक दूसरे के संपर्क में






आने से नहीं फैलते, उच्च रक्तचाप ऐसी अवस्था है जिसमें रक्तचाप निरंतर अधिक बना रहता है सामान्य रक्तचाप 120/80 एमएमएचजी होता हैं। मधुमेह एक ऐसी अवस्था जो हमारे शरीर में चीनी की मात्रा अगर निरंतर बढ़ती है तो मधुमेह की बीमारी हो सकती है। शरीर में सामान्य चीनी की मात्रा 70 से 100 खाली पेट और 140 से कम खाना खाने के 2 घंटे के बाद होती है। हमें समय समय पर अपने शरीर की जाँच करानी चाहिए जिससे समय पर हमें बीमारी का पता लग सके ये बीमारियां ऐसी होती है जो धीरे धीरे हमारे शरीर में पनपती रहती है और ये कब अपना उग्र रूप ले लेती हैं हमें पता ही नहीं चलता इससे बचने के लिए मरीज को शारीरिक गतिविधि जैसे पैदल चलना, योग व्यायाम करना और अपने खाने का ध्यान विशेष रूप से रखना चाहिए। मैदा और ज्यादा तेल मसाले वाले खाना या सिगरेट शराब आदि के सेवन से हमें बचना चाहिए इस दौरान 60 मरीजों के स्वास्थ्य की जाँच की गयी इस मौके पर कोनेशा सबसेंटर से एन एम बृजबाई मीना, नर्सिंग ऑफिसर राजेन्द्र मीणा, आशा सहयोगिनी लक्ष्मी शर्मा व कार्यकर्ता उमा शर्मा और ममता संस्था से ब्लॉक सुपरवाइजर जीतेन्द्र शर्मा व अन्य साथी उपस्थित रहे।


गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

**प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी सहित भाजपा नेताओं ने चुनाव प्रचार के लिए एलईडी रथों को झंडी दिखाकर किया रवाना**

# मुख्यमंत्री गहलोत की ईडी पर अभद्र टिप्पणी काले कारनामों की स्वीकारोक्ति है : सीपी जोशी

सितारा न्यूज नेटवर्क









**जयपुर।** प्रदेश भाजपा कार्यालय में आज 200 विधानसभा में चुनाव प्रचार के लिए, केंद्र की मोदी सरकार की विभिन्न उपलब्धियों एवं योजनाओं के साथ भाजपा की रीति, नीति और संकल्प को जन जन तक पहुंचाने के लिए एलईडी रथों को प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, केंद्रीय राज्य मंत्री अर्जुन मेघवाल, चुनाव सह प्रभारी नितिन पटेल, चुनाव प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नारायण पंचारिया सहित अन्य नेताओं ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जैसे अनुभवी और वरिष्ठ नेता की ईडी पर अभद्र भाषा का प्रयोग उनके डर और चुनाव की संभावित हार को दिखा रहा है। उनको यह भय सता रहा है कि उनकी सरकार का काला चेहरा जो अब तक छिपा हुआ था वह जनता के सामने आ चुका है, जो उनकी सत्ता जाने का कारण बनेगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने प्रदेश के लाखों युवाओं का भविष्य बर्बाद किया है। गरीब, दलित, वंचित के बेटे की नौकरी के हक को बेचने का काम किया है। आरपीएससी के सदस्य कह रहे हैं कि हम पैसे देकर सदस्य बने हैं। एसीबी के रिटायर्ड डीजी बयान देते हैं कि सरकार भ्रष्टाचार की बड़ी मछली तक हाथ नहीं पहुंचने देती। प्रदेश की जनता ने देखा है कि भ्रष्टाचार के कितने नए नए मामले इस सरकार में आए दिन उजागर हुए हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को संयम रखना चाहिए, यदि वे ईमानदार हैं, तो डर किस बात का। डर इसलिए है कि परत दर परत इनके भ्रष्टाचार की पोल खुलती जा रही है। डर यह बता रहा है कि इनकी सत्ता की कहानी का अंत होने वाला है।

## बीकानेर जिला कुश्ती संगम के उपाध्यक्ष पहलवान महेंद्र सिंह चौहान को दी श्रद्धांजलि

सितारा न्यूज नेटवर्क




**उमेश कुमार मोदी/ श्रीडूंगरगढ़ बीकानेर।** बीकानेर जिला कुश्ती संगम के उपाध्यक्ष वरिष्ठ पहलवान महेंद्र सिंह चौहान को आज पटेल बाल विहार व्यायामशाला में श्रद्धांजलि दी गई। महावीर कुमार सहदेव ने बताया कि जिला कुश्ती संगम के संरक्षक अरुण कुमार पांडे, नवलराम सिहाग, रघुवीर सिंह पूनियां, अध्यक्ष कमल कल्ला,सचिव पहलवान जगन पूनियां, पहलवान महावीर कुमार सहदेव, अमर सिंह गोदारा,प्रदीप कुमार स्वामी समेत कुश्ती संगम के पदाधिकारीयों एवं पहलवानों ने 2 मिनट का मौन रखकर स्वर्गीय पहलवान महेंद्र सिंह चौहान के चित्र पर माल्याअर्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। वरिष्ठ पहलवान महेंद्र सिंह चौहान का निधन 25 अक्टूबर को हो गया था। पहलवान महावीर कुमार सहदेव ने इस अवसर पर कहा कि महेंद्र सिंह सच्चे नीडर दंगली पहलवान थे और इन्होंने कई पहलवानों को तैयार कर नेशनल तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। व्यायामशाला संचालक एवं कुश्ती संगम के सचिव जगन पूनियां ने श्रद्धांजलि सभा में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पहलवान महेंद्र सिंह ने अपने जीवन में कई उतार चढ़ाव देखें जीवन बहुत कठिन भरा था लेकिन फिर भी इन्होंने पहलवानी करनी नहीं छोड़ी और राजस्थान में होने वाले बड़े दंगलों में पहलवान जी ने अच्छी कुश्ती कर हमेशा वाह-वाही लूटी और कई दशकों से नवयुवकों के लिए प्रेरणा बने रहे,कमजोर असहाय व्यक्तियों व गौ माता की सेवा करना कोई पहलवान महेंद्र सिंह जी से सीखे, पहलवानी के साथ-साथ इन्होंने पशुओं से भी प्रेम किया, इन्होंने गोवंश के लिए बड़ा ही अच्छा सराहनीय कार्य किया, हमेशा उनकी यादें रहेंगी, पूनियां ने इस अवसर पर कहा कि महेंद्र सिंह बीकानेर के ऐसे इकलौते पहलवान थे जिन्होंने कुश्ती ही नहीं अपने निजी जीवन में पशुओं को भी खूब पाला और कुश्ती समेत बहुत अच्छे गोवंश, श्रेष्ठ घोड़ो की नस्ल सुधार एवं सुंदरता के लिए पहलवान जी ने बहुत से मेडल अपने नाम कीए हैं। पशुओं के मेले में पहलवान जी का अपना एक नाम था हर मेले में इनके गोवंश एवं घोड़े हमेशा जीतते रहे,पहलवान जी ने बहुत सारे मेडल प्राप्त किए यह बीकानेर के लिए बड़े गर्व की बात है।

## बिडौदा, मौजपुर सहित दर्जनों गांवों में किया जनसम्पर्क: केसी मीणा



सितारा न्यूज नेटवर्क

**महवा।** आवासन मंडल के पूर्व अभियंता व भाजपा नेता केसी मीणा बुधवार को महवा विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहे। जहां ग्राम बिडौदा, मौजपुर सहित दर्जनों गांवों में डोर टू डोर जनसंपर्क किया। भाजपा नेता के सी मीणा ने क्षेत्र के लोगों से विकास,कांग्रेस के कुशासन के खिलाफ वोट करने की अपील की। साथ ही कहा कि जिस तरह से गांवों ढाणियों में अपार जनसमर्थन मिल रहा है उससे देखकर लगता है इस बार महवा विधानसभा क्षेत्र ही नहीं बल्कि पूरे राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी प्रचंड बहुमत से सरकार बनाने जा रही है। महवा की जनता के द्वारा किए गए अभूतपूर्व स्वागत सम्मान का जीवनपर्यंत ऋणी रहूंगा। यदि मुझे पार्टी और जनता जनार्दन का आशीर्वाद मिला तो हर विप्पत्ति के समय आपके साथ खड़ा रहूंगा और हर संभव मदद करने का प्रयास करूंगा। उन्होंने आगे कहा कि मेरे लिए राजनीति महत्वकांक्षा नहीं है बल्कि जनता जनार्दन की सेवा करना ही मेरा मिशन है। लोगों की समस्याओं का समाधान करना मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी। साथ ही महवा विधानसभा क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए लगातार प्रयास करूंगा।हमारे प्यारे बच्चे बच्चियों को अच्छी शिक्षा मिले रोजगार के नये आयाम मिले इसके लिए मैं हमेशा आपके साथ खड़ा हूं। मेरा प्रयास रहेगा कि सड़क, पानी, चिकित्सा जैसी मूलभूत सुविधाओं के हर क्षेत्र में महवा राजस्थान के हर क्षेत्र में अग्रणी बने।

इस मौके पर सोनू, मनीष,गोलू, लालाराम, वेदप्रकाश,डीसी बिडौदा, सतीश, महेंद्र,मोनू, हरकेश, धारासिंह, राजेश,सुरज, पप्पू मौजपुर, सुभाष,खैमी,जीतू सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## कलशों में भरकर दिल्ली जायेगी सांभर, फुलेरा की मिट्टी

**सांभर ब्लॉक नेतृत्व करेंगे मामोडीया**



सितारा न्यूज नेटवर्क

**मोना कुमावत/अणतपुरा।** नेहरू युवा केंद्र जयपुर के तत्वाधान में मेरी माटी मेरा-देश अभियान आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर 'मेरी माटी मेरा देश' अभियान के अंतर्गत देश के हर गांव मैं प्रोग्राम आयोजित किए गए थे उसके अंतर्गत पंचायत समिति सांभर ब्लॉक में सांभर,फुलेरा, नगर पालिका आसपास की 20 पंचायत के मुख्य पवित्र देव स्थानो से मिट्टी एकत्रित कर देश की राजधानी दिल्ली में 'अमृत वाटिका' निर्मित की जाएगी। यह हमारे अमर स्वतंत्रता सेनानियों व वीर शहीदों के सम्मान को समर्पित है। सहायक विकास अधिकारी अनिल कुमार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक युवा मंडल अध्यक्ष गिरधारी मामोडीया , रामप्रसाद स्वामी को कलश समर्पित किया । मामोडिया ने बताया कि हम 29 अक्टूबर को राजभवन जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे वहां राज्यपाल महोदय दिल्ली के लिए राजस्थान प्रदेश से 352 ब्लॉक से आने वाले युवा प्रतिभागियों को रवाना करेंगे । 30 से 31अक्टूबर को दिल्ली में कार्यक्रम आयोजित होगा । जिसमे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। और आज हमें गर्व महसूस हो रहा है। वीर वीरांगनाओं व शहीदों, के सम्मान में देश की राजधानी दिल्ली में बनाई गई। अमृत वाटिका में किया जाएगा। देश के लिए अपने प्राण की आहुति देने वाले लोगों की याद समर्पित एक स्मारक कर्तव्य पथ के पास स्थापित किया जाएगा। हमे सांभर ब्लॉक की मिट्टी लेकर जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ ।

## रक्तदान शिविर प्रतिभाओं का सम्मान

सितारा न्यूज नेटवर्क




**उमेश कुमार मोदी/श्री डूंगरगढ़ बीकानेर** मेढ क्षत्रिय स्वर्णकार संघ द्वारा आयोजित रक्तदान शिवर में 112 यूनिट रक्तदान का संग्रहण किया गया । जिसमें हर समाज का भरपूर सहयोग रहा ।मेढ स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष ओमप्रकाश कड़ेल ने बताया कि पीबीएम होसपीटल बीकानेर की टीम के द्वारा रक्त संग्रहण किया गया इसके अलावा माताजी का मंगल पाठ हवन भी किया गया ।इसी दिन स्वर्णकार समाज के सभी लोगों के लिए भोजन प्रसादी का भी आयोजन हुआ ।सबको साथ लेकर चलने वाले दीपक डावर युवा परिश्रमी जितेन्द्र कुमार सोनी पवन बूटण पवन गोयतान अनिल जोड़ा मदन सोनी ने बताया कि स्वर्णकार समाज के 90 वर्ष से अधिक के बुजुर्ग चार व्यक्तियों को गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया ।मोमासर बास के धर्मचंद मौसूण गुसाईसर के मघाराम कड़ेल बीगा बास के नवरंग लाल मौसूण बरजागसर की मनोहरी देवी जागलवा का सम्मान किया गया। इन्हें समाज की धरोहर व मार्गदर्शन बताते हुए बुजुर्गों के जीवन से अनुभव से युवा पीढ़ी को परंपरा सीखने की बात कही गई विभिन्न सरकारी सेवाओं में कार्यरत अनिल सोनी पवन गौयतान विकास तोसावड सुनील सोनी राजेंद्र सोनी राम अवतार सोनी मदन गोपाल सोनी जितेंद्र कुमार सोनी जयपाल सोनी का भी सम्मान किया गया । इसके अलावा शिक्षा खेलकूद में नाम रोशन करने वाले युवा पीढ़ी के प्रतिनिधि ममता सोनी जयंत सोनी संगीता सोनी मनीषा सोनी कृष्णा सोनी मनजीत कुमार सोनी पवन कुमार सोनी मुस्कान सोनी निशा सोनी प्रिया सोनी पंकज सोनी ललिता सोनी अनामिका सोनी आरती सोनी कीर्ति सोनी हर्ष सोनी तनिष्का सोनी अलका सोनी जयश्री सोनी सुजल कुमार सोनी पूजा उज्जवल सोनी लालचंद सोनी प्रशान्त सोनी पंकज सोनी गायत्री सोनी अभिषेक सोनी जय श्री सोनी सुनीता सोनी परमेश्वर लाल सोनी भवानी सोनी ममता सुनार बजरंग लाल सोनी ममता सोनी पूजा सोनी कमल कुमार सोनी जयदेव सोनी मनोज सोनी सहित कई और का भी सम्मान किया गया। स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष ओमप्रकाश तथा मंत्री ओम प्रकाश धूपड। ने बताया कि सभी कार्यक्रमों में युवा टीम तथा समाज के हर व्यक्ति ने अपनी क्षमतानुसार सहयोग प्रदान किया। स्वर्णकार समाज द्वारा इस नेक कार्य के लिए अन्य जन भी तहेदिल से प्रशंसा कर रहे हैं।

## जयपुर कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन में मोहन डागर के नेतृत्व में पहुचें सैकड़ों कार्यकर्ता




सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** भवानीसिंह सिंह मार्ग अम्बेडकर सर्किल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) कार्यालय के सामने भाजपाई षड्यंत्र एवं केन्द्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग के खिलाफ राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित विरोध-प्रदर्शन में उप जिलाप्रमुख मोहन डागर के नेतृत्व में आमेर विधानसभा से सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल हुए।

धरने प्रदर्शन में कांग्रेस सह प्रभारी अमृता धवन ने धरने को सम्बोधित किया। केबिनेट मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, विधायक गोपाल मीणा, सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पदाधिकारी मौजूद थे।

इस दौरान डागर ने बताया कि आज जिस प्रकार से केन्द्र की भाजपा सरकार ने ईडी का सहारा लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के सरकारी कार्यालय, निवास पर छापा मारकर चुनाव समय में सरकार रिपीट होने के डर से कांग्रेस को कमजोर करना चाहती है पर प्रदेश के आम लोगों को भाजपा की सच्चाई का पता लग गया है भाजपा का चेहरा जनता के सामने आ गया है ।मुख्यमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं के सामने भाजपा की हर चाल अब फिकी पडती नजर आ रही है।

## चौथे दिन की कथा में कृष्ण जन्म का बखान किया





सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना,** अलवर जिले के रैणी उपखंड क्षेत्र नयागांव में कन्हैयालाल हरि सिंह यादव के निज निवास पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन की कथा में आचार्य पंडित गिरधारी लाल शास्त्री ढाकपुरी ने भगवान कृष्ण की जन्म का वर्णन किया। आचार्य ने बताया कि भगवान कृष्ण के मामा कंस ने देवकी तथा वासुदेव जी को अपने यहां जेल में डाल दिया था जेल में ही बालक कृष्ण का जन्म हुआ था तथा भगवान की कृपा से पहरा देने वाले सभी पहरेदार सो गए तथा जेल के दरवाजे अपने आप ही खुल गए जिससे बालक को लेकर वासुदेव जी , नंद जी के यहां चले गए और वहां बालक को छोड़कर आए और वहा पर जन्मी कन्या को वापस लेकर आए जिसे लेकर कंस ने जैसे ही शिला पर मारने की नीयत से जोर से डाला था। वह योग माया ऊपर उठ गई और उपर जाकर आकाशवाणी करके कहने लगी की हे कि दुष्ट तेरे को मारने वाला तो सुरक्षित स्थान पर पहुंच गया। कार्यक्रम में कलाकारों ने कृष्ण जन्म के गीत गए तथा उपस्थित लोगों ने जमकर ठुमके लगाकर बधाइयां बटोरी इस मौके पर पंडित नवीन शास्त्री, गोपाल चौधरी, धर्मु, हेतराम, कनेयालाल यादव,हरिसिंह यादव, घनश्याम,भगवान सहाय,कृष्ण,कपिलसहित अनेक गणमान्य ग्रामीण लोग मौजूद थे।

**प्रमुख समाचार पत्रों एवं न्यूज चैनल में देना होगा विज्ञापन**

## आपराधिक रिकॉर्ड वाले उम्मीदवार को प्रत्याशी बनाए जाने पर राजनैतिक दलों को 48 घंटे में विज्ञापन जारी कर देना होगा स्पष्टीकरण

*आदेश की अनुपालना नहीं करने पर चुनाव आयोग करेगा कार्रवाई*

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** निष्पक्ष एवं भयमुक्त विधानसभा चुनाव संपन्न करवाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने इस बार अनूठा नवाचार किया है। जिसके तहत आपराधिक रिकॉर्ड वाले उम्मीदवार को प्रत्याशी बनाए जाने पर राजनीतिक दलों को प्रमुख समाचार पत्रों एवं प्रमुख न्यूज चैनल में विज्ञापन प्रकाशित एवं प्रसारित कर अपना स्पष्टीकरण जारी करना होगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी नीलिमा तक्षक ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के आदेश की अनुपालना की जा रही है। जिसके तहत राजनैतिक दल द्वारा अभ्यर्थी के रूप में चुने गए आपराधिक मामलों वाले व्यक्ति से संबंधित सूचना के साथ-साथ ऐसे चयन के कारण सहित बिना आपराधिक पूर्ववृत वाले अन्य व्यक्तियों को अभ्यर्थी के रूप में क्यों नहीं चुना गया। साथ ही, इससे संबंधित विवरण अभ्यर्थी का चयन किए जाने के 48 घंटों के भीतर अथवा नाम निर्देशन प्रारम्भ होने की तिथि से दो सप्ताह पूर्व नहीं हो, सलन्न फॉर्मेट सी-7 में समाचार पत्र में प्रकाशन किया जायेगा। उक्त प्रकाशन एक बार राष्ट्रीय समाचार पत्र में तथा एक बार स्थानीय समाचार पत्र में किया जाना आवश्यक होगा।

उन्होंने बताया कि राजनैतिक दलों को राष्ट्रीय और स्थानीय समाचार-पत्र का चयन करते समय आयोग के निर्देश की पालना सुनिश्चित करनी होगी। इसके अतिरिक्त सी-7 को सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी प्रकाशित किया जाएगा एवं साथ ही नवीनतम दिशा-निर्देशों के अनुसार राजनैतिक दलों द्वारा यह सूचना अपनी वेबसाइट के होमपेज भी प्रदर्शित करनी होगी। होमपेज पर एक कैप्शन जिसमें आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवार लिखा हो भी प्रदर्शित करना आवश्यक होगा। राजनैतिक दल को आपराधिक पूर्ववृत वाले अभ्यर्थियों के संबंध में फॉर्मेट सी-7 में प्रकाशन की सूचना अभ्यर्थी के चयन के 72 घंटों के भीतर अथवा नाम निर्देशन प्रारम्भ होने की तिथि से कम से कम दो सप्ताह पूर्व, जो भी पहले हो फार्मेट सी-8 में रिपोर्ट भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को भेजनी होगी।

## आदर्श आचार संहिता की पालना में कारगर साबित हो रहा सी: विजिल एप

सितारा न्यूज नेटवर्क

**सी-विजिल एप पर 1400 से ज्यादा शिकायतों का निस्तारण**

**जयपुर।** निष्पक्ष एवं भयमुक्त चुनाव का आयोजन एवं आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय हर संभव प्रयास कर रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद सी-विजिल एप जागरूक नागरिकों ने आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर 1 हजार 404 शिकायतें दर्ज करवाई है। उन्होंने बताया कि सी-विजिल पर प्राप्त कुल 852 शिकायतों का निस्तारण जिला नियंत्रण कक्ष स्तर पर ही कर दिया गया, जबकि 552 शिकायतों का निस्तारण रिटर्निंग अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी एआरओ स्तर पर किया गया है। जयपुर के मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक 128 शिकायतों का निस्तारण किया गया है। सी-विजिल एप के माध्यम से दर्ज होने वाली शिकायतों पर 100 मिनट में कार्यवाही कर आदर्श आचार संहिता का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। जयपुर जिले में अब तक 1 हजार से ज्यादा शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि अभी तक उल्लेखनीय है कि शिकायतों पर जिला कलेक्ट्रेट में स्थित नियंत्रण कक्ष ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के माध्यम से 100 मिनट में निस्तारण किया जाता है।

इसलिए जरूरी है हर मोबाइल में सी-विजिल एप

आगामी विधानसभा चुनावों में आदर्श आचार संहिता के प्रभावी अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सी-विजिल एप तैयार किया गया है। जिसके माध्यम से सतर्क एवं जिम्मेदार आमजन आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। नागरिक उल्लंघन की शिकायत का फोटो या वीडियो बनाकर एप पर अपलोड करते हैं। जिला नियंत्रण कक्ष द्वारा सत्यापन के बाद फील्ड यूनिट को शिकायत भेजी जाती है। उसके बाद फील्ड यूनिट मौके पर पहुंचकर कार्रवाई को अंजाम देती है। और शिकायत के निस्तारण की रिपोर्ट जिला नियंत्रण कक्ष को भेजी जाती है और रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा वस्तुस्थिति की जानकारी दी जाती है।

*जिला स्तरीय एमसीएमसी एवं मीडिया प्रकोष्ठ की हुई बैठक*

## प्रत्याशियों को करवाना होगा विज्ञापनों का अधिप्रमाणन

सितारा न्यूज नेटवर्क



**जयपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के आदेशों की अनुपालना में प्रत्येक प्रत्याशी को अपने प्रचार-प्रसार के विज्ञापनों का जिला स्तरीय एमसीएमसी प्रकोष्ठ से अधिप्रमाणन करवाना आवश्यक है यह कहना है जिला स्तरीय एमसीएमसी प्रकोष्ठ के प्रभारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) दिनेश शर्मा का। शर्मा ने यह बात शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित जिला स्तरीय एमसीएमसी कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए कही। एमसीएमसी प्रकोष्ठ प्रभारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में प्रकोष्ठ के सह प्रभारी मान सिंह मीणा ने प्रमुख राजनैतिक दलों के अधिकृत प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर गठित एमसीएमसी कमेटी की कार्यप्रणाली एवं निर्धारित विज्ञापन अधिप्रमाणन नियमों की जानकारी दी। मीणा ने कहा कि विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद प्रत्येक राजनैतिक दल के प्रत्याशियों एवं अन्य सभी प्रत्याशियों को चुनावी विज्ञापन का इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, टीवी चैनल्स, रेडियो एफएम चैनल्स, सिनेमा घरों में प्रसारित किये जाने वाले विज्ञापन, ऑडियो अथवा वीडियो संदेश सहित ई-पेपर में दिये जाने वाले विज्ञापनों का भी प्रकाशन एवं प्रसारण से पूर्व कमेटी द्वारा अधिप्रमाणन प्राप्त किया जाना आवश्यक है। बैठक में सह प्रभारी मान सिंह ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को विज्ञापन अधिप्रमाणन की प्रक्रिया, प्रारूप एवं नियमों की विस्तृत जानकारी से रूबरू करवाया एवं अधिप्रमाणन ने संबंधित सवालों का भी निस्तारण किया। बैठक में एमसीएमसी कमेटी के सदस्य रूप सिंह कविया सहित सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय, जयपुर के अधिकारी भी मौजूद रहे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## चिंतन

# सीमा पर नापाक हरकतों से बाज आए पाकिस्तान

अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास पाकिस्तानी रेंजर की करीब सात घंटे तक की गई गोलीबारी पाक फौज की हताशा को उजागर करती है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के मुताबिक, जम्मू में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास भारतीय चौकियों और आम नागरिकों के इलाकों को निशाना बनाकर बिना किसी उकसावे के, सीमा पार से पाकिस्तान रेंजर की ओर से की गई गोलीबारी करीब सात घंटे तक जारी रही, पाकिस्तान रेंजर ने मोर्टार दागे और भारी मशीन गन का इस्तेमाल किया जिससे दो लोग घायल हो गए। गोलाबारी के कारण बीएसएफ के कांस्टेबल बसवराज को दोनों हाथों में मामूली चोट आई। अरनिया की एक स्थानीय निवासी रजनी देवी को भी मामूली चोट आई। गोलीबारी बृहस्पतिवार को रात करीब आठ बजे शुरू हुई थी और देर रात करीब पौने तीन बजे तक जारी रही थी। बीएसएफ ने मुंहतोड़ जवाब दिया है और स्थिति के आकलन के लिए निगरानी रख रहा है। बीएसएफ सीमा पर एवं वहां के नागरिकों की सुरक्षा एवं रक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यकतानुसार कदम उठा रहा है। लेकिन पाक रेंजर का कृत्य निंदनीय है। अब तक देखा गया है कि ठंड बढ़ने से पूर्व पाक फौज आतंकियों को भारतीय सीमा में घुसपैठ कराने के मकसद से बीएसएफ जवानों का ध्यान भटकाने के लिए बिना उकसावे ही रात में गोलीबारी करती है, लेकिन वह घुसपैठ कराने में सफल नहीं होती है। भारत ने एलओसी और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर अपनी सुरक्षा कड़ी कर रखी है, लेजर गाइडेड बेड़े के चलते अब पाक घुसपैठिए के लिए भारतीय सीमा में घुसना आसान नहीं रह गया है। फिर भी पाक नापाक व नाकाम कोशिश करता रहता है। इससे पहले, पाकिस्तानी रेंजर्स ने 17 अक्टूबर को इसी सेक्टर में अकारण गोलीबारी की, जिसमें बीएसएफ के दो जवान घायल हो गए थे और 19 अक्टूबर को अरनिया सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास विक्रम चौकी पर गोलीबारी की थी। रिहायशी इलाकों को निशाना बनाना फौज नियमों के खिलाफ है, पर पाक रेंजर्स ऐसे कृत्य भी बेशर्मी से करती है। भारत से बार बार मुंह की खानी के बावजूद पाकिस्तान की फौज और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई सुधरने का नाम नहीं ले रही हैं। आगे चुनाव को देखते हुए पाकिस्तान के हुक्मरान बेशक भारत विरोधी जहर उगलने लगे, लेकिन सीमा पर युद्ध नियमों व सीजफायर का उल्लंघन शर्मनाक है, यह पाक फौज की कायरता की निशानी है। पाकिस्तान की खुद की हालत खस्ता है, वैश्विक स्तर पर आतंकवाद को पनाह देने वाले देश की छवि है, वैश्विक साख न्यूनतम स्तर पर है, इसके बावजूद अपने मुल्क के हालात सुधारने पर ध्यान नहीं देकर पाक भारतीय सीमा पर अकारण गोलीबारी पर कर रहा है। भारत ने संयुक्त राष्ट से लेकर तमाम ग्लोबल मंच पर पाक एस्टब्लिशमेंट को भारत के खिलाफ आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए चेताया है, अनेक बार भारत ने पाक को बेनकाब भी किया है, इसके बाद भी वह अपनी नापाक हरकत से बाज नहीं आ रहा है। पाक की किसी भी सीमा पार से हरकत का करारा जवाब भारत देता ही रहेगा। पाकिस्तान को समझ लेनी चाहिए कि उसके इस कायराना कृत्य का भारत पर कोई असर नहीं पड़ने वाला है। अतीत में मिली शिकस्तों से पाक सबक ले और भारत के खिलाफ उकसावे वाली हरकत बंद करे, वरना भारत को अपनी रक्षा करना अच्छे से आता है।



राजनीति
उमेश चतुर्वेदी

# कांग्रेस का गुरूर महंगा ना पड़ जाए

> राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में बेशक सीधा मुकाबला कांग्रेस और बीजेपी के ही बीच है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी जैसे दलों की इन चुनावों में कोई भूमिका नहीं है, लेकिन जिस तरह कांग्रेस, विशेष कर राहुल गांधी का इन चुनावों में आईएनडीआईए गठबंधन के दलों और उनके नेताओं के साथ जैसा व्यवहार है, उसके संकेत साफ हैं। संकेत यह कि कांग्रेस अपनी शर्तों और मनमर्जी पर इन दलों को मौका देगी और अगर उसे महसूस हुआ तो वह सहयोगी दलों के लिए मौका भी नहीं छोड़ेगी। सवाल यह है कि किस बिना पर कांग्रेस अगले आम चुनाव में अपने सहयोगी दलों का दिल से साथ हासिल कर पाएगी।

क्या आईएनडीआईए गठबंधन फेल होने जा रहा है? पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के बीच ऐसे सवाल उठना सोशल मीडिया के दौर में ट्रोलिंग और आलोचना का कारण बन सकता है। लेकिन यह सवाल मौजूं हो चुका है। इसकी वजह है, विशेषकर उत्तर और मध्य भारत के विधानसभा चुनावों में बिना सामंजस्य के उतरे विपक्ष गठबंधन के उम्मीदवार। राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में बेशक सीधा मुकाबला कांग्रेस और बीजेपी के ही बीच है, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी जैसे दलों की इन चुनावों में कोई भूमिका नहीं है, लेकिन जिस तरह कांग्रेस, विशेष कर राहुल गांधी का इन चुनावों में आईएनडीआईए गठबंधन के दलों और उनके नेताओं के साथ जैसा व्यवहार है, उसके संकेत साफ हैं। संकेत यह कि कांग्रेस अपनी शर्तों और मनमर्जी पर इन दलों को मौका देगी और अगर उसे महसूस हुआ तो वह सहयोगी दलों के लिए मौका भी नहीं छोड़ेगी। विपक्षी गठबंधन में सबसे बड़ा दल निश्चित तौर पर कांग्रेस है। उसका संगठन भी सबसे पुराना है। इस नाते उसका अगुआई का स्वाभाविक दावा भी बनता है। लेकिन उसे यह नहीं भूलना चाहिए कि उसकी सोच से आगे दुनिया निकल चुकी है। अगर वह सचमुच बड़ा दल ही होती है, जमीन पर उसकी वैसी ही पकड़ होती, जैसी करीब तीन दशक पहले तक थी, तब उसे गठबंधन की भला जरूरत ही क्यों पड़ती? लेकिन कांग्रेस और उसका नेतृत्व अब भी अतीत के चमकदार पन्नों में ही अपना इतिहास देखने का आदी है। वह स्वीकार नहीं कर पा रही है कि सुनहरे इतिहास के पन्ने आधुनिकता की यात्रा करते-करते धुंधले पड़ गए हैं। यह धुंधलापन ही उसे गठबंधन के लिए मजबूर कर रहा है।

संख्याबल के लिहाज से देखें तो विपक्षी गठबंधन में ममता बनर्जी का दल सबसे बड़ा है, लेकिन ममता इन दिनों गठबंधन की गतिविधियों में कम ही दिलचस्पी दिखा रही हैं। जाहिर है कि वे गठबंधन को अपने हिसाब से तौलना और उसका बंगाली माटी में इस्तेमाल की गुंजाइश देख रही हैं। जनता दल यू भी बड़ा दल है। लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि उसके सांसदों की संख्या बीजेपी के साथ के चलते इतनी है। इस लिहाज से विपक्षी गठबंधन में समाजवादी पार्टी दूसरे नंबर का महत्वपूर्ण दल है। लोकसभा में उसके सांसदों की संख्या भले ही कम हो, लेकिन यह तय है कि जनसंख्या और लोकसभा सीटों के लिहाज से सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में वही बीजेपी के सीधे मुकाबले में है। ऐसे में समाजवादी पार्टी का गठबंधन में अहमियत की चाहत रखना स्वाभाविक है। इसी चाहत के चलते अखिलेश यादव ने मध्य प्रदेश में अपने लिए कुछ सीटों की उम्मीद रखी। कांग्रेस ने उनकी बात सुनना तो दूर, एक तरह से अपमानित कर दिया। कमलनाथ का यह कहना कि छोड़िए अखिलेश-वखिलेश को, एक तरह से समाजवादी पार्टी का अपमान ही है। रही-सही कसर उत्तर प्रदेश के नवेले कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने पूरी कर दी। ऐसे में अखिलेश ने आपा खो दिया। इसका असर मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान तीनों राज्यों में दिख



रहा है। यहां समाजवादी भी मैदान में है। शायद अखिलेश का हश्र आम आदमी पार्टी ने देखकर ही तीनों राज्यों में अपने उम्मीदवार उतार दिए।

मीडिया के कुछ मोदी विरोधी समीक्षक आजकल यह स्थापित करने में जुटे हैं कि मल्लिकार्जुन खरगे कांग्रेस अध्यक्ष का पद दमदार तरीके से संभाल रहे हैं। इस कथन का अभिप्राय यह स्थापित करना है कि राहुल गांधी बेहद लोकतांत्रिक हैं, लेकिन हकीकत इससे कहीं दूर है। हकीकत यह है कि असल में कांग्रेस पर नियंत्रण राहुल गांधी का ही है। ऐसे में यह मानने में हर्ज नहीं होना चाहिए कि चाहे नीतीश कुमार को किनारे रखना हो या फिर अखिलेश पर कांग्रेसी हमला हो, या फिर आम आदमी पार्टी की उपेक्षा हो, सबके पीछे उनकी ही सोच है।

राहुल गांधी इन दिनों जाति जनगणना की बात खूब कर रहे हैं। कुछ साल पहले एक वामपंथी पत्रकार समूह ने मीडिया समूहों की जाति जनगणना कराई थी। तब से लेकर वह समूह बार-बार यह स्थापित करने की कोशिश करता है कि मीडिया घरानों में दलित, अन्य पिछड़ा वर्ग आदि का उचित प्रतिनिधित्व नहीं है। आजकल राहुल गांधी इसे अपनी रिसर्च बता रहे हैं और राष्ट्रीय स्तर पर जाति जनगणना की वकालत कर रहे हैं। उनके नेता राज्यों में वादा कर रहे हैं कि जैसे ही उनकी सरकार बनी, वह जाति जनगणना कराएगी। राजस्थान में तो ऐन चुनावों के बीच ऐसा ऐलान अशोक गहलोत ने कर भी दिया, जिसे चुनाव आयोग ने रोक दिया। जाति जनगणना की मांग हो या लागू करना हो, पिछड़े वर्गों को फायदा पहुंचाने की बजाय उसका असल मकसद राजनीतिक फायदा उठाना ज्यादा है। राहुल गांधी भी निश्चित तौर पर इसी वजह से बार-बार इस मसले को उठा रहे हैं।

अगर जाति जनगणना का मुद्दा विकास की दौड़ में पीछे रह गई जातियों को फायदा पहुंचाना होता और अन्य पिछड़ा वर्ग की राजनीति को शह देना होता तो कांग्रेस कम से कम अखिलेश से ऐसा व्यवहार नहीं करती। बेशक अखिलेश और उनका परिवार क्रीमी लेयर तबके से आता हो,लेकिन सच यह भी है कि वे भी उसी अन्य पिछड़े वर्ग के हैं। बेहतर तो होता कि कांग्रेस अखिलेश के साथ पिछड़े वर्ग के नेता की ही तरह व्यवहार करती। लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है।

कांग्रेस को कुछ राज्यों मसलन हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक जैसे राज्यों में जीत के बाद लगता है कि अब उसके लिए बयार बह रही है। लेकिन उसे यह नहीं भूलना चाहिए कि कर्नाटक, हिमाचल, मध्य प्रदेश और राजस्थान में उसे जीत पहले भी मिली, लेकिन लोकसभा चुनावों में भाजपा की जैसे लहर चली। राजस्थान की समूची सीटें भाजपा ने जीती, कर्नाटक में भी यही हाल रहा, हिमाचल में भी कांग्रेस का सूपड़ा साफ हुआ और मध्य प्रदेश में भी कांग्रेस के दो ही सांसद चुने गए। साफ है कि कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व पर तब जनता ने भरोसा नहीं किया और लगता नहीं कि बहुत हालात बदले हुए हैं। कांग्रेस जिस तरह अपने सहयोगी दलों की अनदेखी कर रही है और कई बार वह अनदेखी अपमान तक पहुंच जाती है, ऐसे में लग नहीं रहा है कि कांग्रेस अपनी गलतियों से चेत रही है।

हाल ही में मोतीहारी स्थित केंद्रीय विश्वविद्यालय के कार्यक्रम में नीतीश ने जिस तरह बीजेपी के लोगों के प्रति अपनी दोस्ती का इजहार किया, उसे कांग्रेस के व्यवहार से उपजी मायूसी का नतीजा बताया गया। कांग्रेस के प्रति आम आदमी पार्टी भी सशंकित नजर आ रही है। ऐसे में सवाल यह है कि किस बिना पर कांग्रेस अगले आम चुनाव में अपने सहयोगी दलों का दिल से साथ हासिल कर पाएगी। उसके लिए ऐसा कर पाना आसान नहीं लगता। कांग्रेस भले ही सोच रही हो कि लोकसभा चुनावों तक गठबंधन के मतभेद दूर हो जाएंगे, पर ऐसा होना आसान नहीं लगता। नीतीश का अतीत गवाह है कि वे अपना अपमान नहीं भूल पाते।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## जयंती विशेष
अरविंद जयतिलक



# उल्टा नाम जपत जग जाना वाल्मीकि भए ब्रह्म समाना

विश्व के सर्वाधिक प्रसिद्ध धार्मिक ग्रंथों में सिरमौर रामायण जिसे आदि रामायण भी कहा जाता है और जिसमें भगवान श्रीराम के पवित्र एवं जनकल्याणकारी चरित्र का वर्णन है, के रचयिता महर्षि वाल्मीकि संसार के आदि कवि हैं। उनके द्वारा रचित रामायण एक ऐसा महान महाकाव्य है जो हमें प्रभु श्रीराम के आदर्श और पावन जीवन के निकट लाता है। उनकी सत्यनिष्ठा, पितृ भक्ति और भ्रातृ प्रेम, कर्तव्यपालन और समाज के प्रति उत्तरदायित्व का बोध कराता है। उल्टा नाम जपत जग जाना, वाल्मीकि भए ब्रह्म समाना। वाल्मीकि जी राम नाम का उच्चारण नहीं कर पाते थे। नारद के कहने पर निरंतर जाप करते-करते हुए वाल्मीकि जी ऋषि वाल्मीकि बन गए। रामायण से प्रेरित होकर ही गोस्वामी तुलसीदासजी ने रामचरितमानस जैसे महान महाकाव्य की रचना की। शास्त्रों में कहा गया है कि वाल्मीकि की कठोर तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्मा जी ने उन्हें रामायण की रचना करने की आज्ञा दी। ब्रह्मा जी के आशीर्वाद से उनको समय से पूर्व ही रामायण की सभी घटनाओं का ज्ञान हो गया और उन्होंने संस्कृत भाषा में महान ग्रंथ रामायाण की रचना की। चूंकि प्रथम संस्कृत महाकाव्य की रचना वाल्मीकि ने की, इस कारण इस ग्रंथ को आदि ग्रंथ और वाल्मीकि को आदि कवि कहा गया है। वाल्मीकि के जीवन चरित को लेकर समाज व साहित्य में कई तरह की भ्रांतियां प्रचलित हैं। वाल्मीकि ने रामायण में श्लोक संख्या 7/93/16, 7/96/18 और 7/111/11 में स्वयं को प्रचेता का पुत्र कहा है। मनुस्मृति में प्रचेता को वशिष्ठ, नारद व पुलस्त्स्य का भाई बताया गया है। प्रचेता का एक नाम वरुण भी है और वरुण ब्रह्मा जी के पुत्र थे। यह भी माना जाता है कि वाल्मीकि वरुण अथवा प्रचेता के 10 वें पुत्र थे और उनके दो नाम-अग्निशर्मा और रत्नाकर थे। वाल्मीकि ने अपने रामायण में अनेक घटनाओं के घटने के समय सूर्य, चंद्र एवं अन्य नक्षत्र की स्थितियों का भी उल्लेख किया है। इससे स्पष्ट जानकारी मिलती है कि वे ज्यातिष व खगोल विद्या के भी विद्वान थे। यही नहीं उन्होंने अपने महाकाव्य में अद्वितीय शैली में प्रकृति का चित्रण, संवाद-संयोजन और विषय का प्रतिपादन किया है। वाल्मीकि रामायण में दर्शन, राजनीति, नैतिकता, शासन कुशलता व मनोविज्ञान का भी विशद् वर्णन है। शास्त्रों में वर्णित है कि अपने वनवास के मध्य में भगवान श्रीराम वाल्मीकि के आश्रम में गए थे। तुलसीदास जी ने रामचरित मानस में लिखा है कि 'देखत बन सर सैल सुहाए, वाल्मीकि प्रभु आश्रम आए।' इस उद्धरण से स्पष्ट है कि वाल्मीकि भगवान श्रीराम के समकालीन थे। तुलसीकृत रामचरित मानस के अनुसार जब भगवान श्रीराम ने पत्नी सीता का परित्याग कर दिया तब वाल्मीकि ने ही सीता को आश्रय दिया। वाल्मीकि और उनका महाकाव्य रामायण का उल्लेख अग्नि पुराण, गरुड़ पुराण, हरिवंश पुराण, स्कंद पुराण, मत्स्य पुराण, महाकवि कालीदास द्वारा रचित रघुवंश, भवभूति रचित उत्तर रामचरित, वृहद धर्म पुराण जैसे अनेक प्राचीन ग्रंथों में भी मिलता है। वृहद धर्म पुराण में इस महाकाव्य की प्रशंसा 'काव्य बीज सनातनम' कह कर की गयी है। काव्यगुणों की दृष्टि से रामायण अद्वितीय महाकाव्य है।

मूर्धन्य विद्वानों का मानना है कि यह महाकाव्य संस्कृत काव्यों की परिभाषा का आधार है। यह महाकाव्य परवर्ती महाकाव्यों के रचनाकारों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है। 24 हजार श्लोक और सात अध्याय वाले वाल्मीकि कृत रामायण में राम महानायक हैं और कथावस्तु उनके ही चारों ओर ही घूमती है। महर्षि वाल्मीकि ने अपने महाकाव्य में राम को महामानव के रुप में चित्रित किया है लेकिन ईश्वरीय गुणों से प्रतिष्ठित होने के बावजूद भी राम अपने किसी भी क्रियाकलाप से मानवेतर प्रतीत नहीं होते हैं। यहां तक कि शत्रुओं का संहार करते समय भी उनके द्वारा वैष्णवी शक्ति का उपयोग नहीं हुआ है। उन्होंने सागर पर सेतु निर्माण में भी किसी मायाशक्ति का उपयोग नहीं किया। वे नर-वानरों के योगदान से सेतु का निर्माण किए। अपने भ्राता लक्ष्मण की मुर्छा को दूर करने के लिए उन्होंने संजीवनी लाने के लिए हनुमान जी को हिमालय भेजा। उन्होंने अपना समस्त कार्य दसरों के सहयोग से किया। यह महाकाव्य पितृभक्ति, भ्रातृ प्रेम, पातिवर्त्य धर्म, आज्ञापालन, प्रतिज्ञापूर्ति तथा सत्यपरायणता की शिक्षा प्राप्त होती है। इस ग्रंथ में सभी चरित्र अपने धर्म का पालन करते हैं। वाल्मीकि के राम नीतिकुशल, धर्मात्मा, मर्यादा पुरुषोत्तम, प्रजावत्सल, शरणागत को शरण देने वाले, तेजस्वी, विद्वान, बुद्धिमान, धैर्यशील, सुंदर, पराक्रमी और दुष्टों का संहार करने वाले हैं। वाल्मीकि कृत रामायण न केवल भारत के महान मूल्यों को समझने का साहित्यिक एवं ऐतिहासिक साक्ष्य है, बल्कि भौतिक लोक की संजीवनी भी है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## क्रियायोग : अधिक विकसित होगी नई पीढ़ी



संकलित
दर्शन

सभी मनुष्य वस्तुतः आत्माएं ही हैं। आपके लिए मात्र जन्म के आधार पर ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचना उचित नहीं है। जिन्हें हम 'नौजवान व्यक्ति' कहते हैं, वे पुरानी आत्माएं हैं और वे प्रत्येक मनुष्य में अंतर्जात कामनाओं-सुख, सुरक्षा, प्रेम इत्यादि कामनाओं को पूर्ण करने के लिए हर प्रकार के प्रयासों और आकांक्षाओं से गुजर चुकी हैं। उन्होंने उस (पूर्ति) को प्राप्त करने के प्रयास में अनेक जन्म व्यतीत किए हैं और अंततः वे यहां आए हैं तथा जिन लोगों ने जन्म लिया है, उनमें से लाखों लोग अपने पूर्वजन्मों से विकास के उस चरण में हैं। श्रीमद्भगवद्गीता में श्रीकृष्ण इस विषय पर प्रकाश डालते हैं। वे अर्जुन से कहते हैं, 'यदि अंतिम लक्ष्य को प्राप्त किए बिना तुम्हारे इस जीवन का अंत हो जाता है तो चिंता मत करो, क्योंकि योग-ध्यान का कोई भी प्रयास व्यर्थ नहीं होता है।' तत्पश्चात उस भक्त का एक ऐसे वातावरण में पुनर्जन्म होता है, जहां वह पुनः अपनी आगे की यात्रा प्रारंभ करता है। इसलिए जिन्हें आप 'नौजवान व्यक्ति' कह रहे हैं, वे ज्ञानीजन हैं। वे संभवतः ऐसे युद्धरत आत्माएं हैं, जो हर प्रकार के अनुभव से गुजर चुके हैं और जिनकी चेतना इस प्रकार की है कि उन्होंने विभिन्न परिस्थितियों में हर तरह के कार्य किए हैं। वे पुनः लौटकर आते हैं और कहते हैं, 'अब मैं अपना और अधिक समय व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं अपने और अधिक जन्मों को व्यर्थ नहीं गवाऊंगा। मैं वह कार्य करूंगा, जो वास्तव में मेरे आत्मा की क्षमताओं और मेरे आत्मा में विद्यमान उस दिव्य संपर्क की तृष्णा की पूर्ति करेगा।'

## ईमानदारी और आत्म सम्मान के साथ जीएं



संकलित
प्रेरणा

एक सेठ अपने नौकर के साथ ऊंट खरीदने गया। उसने मंडी में एक ऊंट पसंद किया और उसे खरीदकर अपने घर लेकर आ गया। सेठ ने ऊंट की पीठ से गादी हटाई तो वहां एक पोटली दिखाई दी। उस पोटली में देखा तो उसमें हीरे थे। सेठ समझ गया कि ये हीरे ऊंट के पुराने मालिक के हैं, जिससे ऊंट खरीदा है। पोटली में हीरे देखकर नौकर ने कहा कि हमें तो ऊंट के साथ हीरे भी मिल गए हैं। सेठ ने नौकर से कहा कि हमने तो सिर्फ ऊंट खरीदा है, हीरे नहीं, इसलिए ये पोटली ऊंट के व्यापारी को वापस देनी होगी। अगले दिन सेठ ऊंट बेचने वाले व्यापारी के पास पहुंच गया और हीरों की थैली लौटा दी। ऊंट के व्यापारी ने कहा कि आप तो बहुत ईमानदार हैं। ये कीमती हीरे हैं, मैं रखकर भूल गया था। आपकी नीयत एकदम साफ है। अपनी ईमानदारी के लिए आप इसमें से एक हीरा रख लीजिए। सेठ ने कहा कि मुझे ये हीरा नहीं चाहिए। मैंने किसी भेंट के लिए ये पोटली आपको नहीं दी है। मेरा कर्तव्य था, मैंने आपको ये थैली दे दी। जब हीरों के मालिक ने बार-बार निवेदन किया तो सेठ ने कहा कि मैंने पहले से ही दो हीरे रख लिए हैं। ये बात सुनते ही हीरों के मालिक को गुस्सा आ गया। हीरों के मालिक ने तुरंत ही पोटली में से हीरे निकाल कर गिनना शुरू कर दिए। उस थैली में 50 हीरे थे। हीरों के मालिक ने कहा कि थैली में तो पूरे हीरे हैं, आप किन दो हीरों की बात कर रहे हैं। ऊंट खरीदने वाले सेठ ने कहा कि मेरे ये दो हीरे हैं ईमानदारी और आत्म सम्मान। ये दो हीरे मैंने पहले से बचाकर रखे हैं, इसलिए आपके पूरे 50 हीरे आपको वापस मिल गए है।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**आयुष्मान योजना का लाभ सभी को नहीं मिलता**

केंद्र सरकार की गरीबों को मुफ्त इलाज की सुविधा आयुष्मान भारत योजना के तहत दी जा रही है। सरकार ने इस योजना को लागू कर गरीब लोगों को महंगे इलाज से मुक्ति दिलाने के लिए एक अच्छी पहल की है। बहुत से गरीब लोग इसका लाभ ले चुके हैं, बहुत से ले रहे होंगे और भविष्य में बहुतेरे लेंगे भी। हमारे देश में गरीबी बहुत है, इसलिए सरकार को ऐसी योजनाएं समय-समय पर अमल में लानी ही चाहिए। लेकिन यह भी जरूरी नहीं है कि आयुष्मान भारत योजना का लाभ सभी गरीबों को मिल रहा होगा, और दूसरा समृद्ध लोग भी इसका फायदा देश में फैले भ्रष्टाचार के कारण जरूर ले रहे होंगे। - **मुकेश वशिष्ठ**, धमतरी

## ट्रेंड

### उदात्तता, शांति का अनुभव



उत्तराखंड में हमने दिव्यता, उदात्तता, शांति का अनुभव किया। यह ग्रह केवल मानवता के लिए नहीं है। यह बड़ी संख्या में प्राणियों का घर है, जो सभी अनमोल हैं। हमें उन्हें विलुप्त नहीं होने देना चाहिए।
-जगदीप धनखड़, उपराष्ट्रपति

### हिंसा का दौर थमा नहीं



गाजा में 7000 की हत्या के बाद भी रक्तपात और हिंसा का दौर थमा नहीं। इन 7000 लोगों में से 3000 मासूम बच्चे थे। कोई ऐसा अंतरराष्ट्रीय कानून नहीं, जिसे कुचला न गया हो। कोई ऐसा क़ायदा नहीं, जिसकी धज्जियां न उड़ी हों।
-प्रियंका गांधी, कांग्रेस नेता

### 70 घंटे काम



चीन से मुकाबले के लिए युवाओं को ज्यादा काम करना होगा। सेकेंड वर्ल्ड वार के बाद जापान और जर्मनी ने भी ऐसा ही किया था। युवाओं को सोचना चाहिए कि यह मेरा देश है। मैं हफ्ते में 70 घंटे काम करना चाहूंगा।
-नारायण मूर्ति, उद्योगपति

### औसत दर्जे की टीम



एकदिवसीय क्रिकेट में इंग्लैंड बहुत ही औसत दर्जे की टीम रही है। पिछले 8 प्रयासों में वे 7 बार सेमीफाइनल में जगह बनाने में असफल रहे हैं। यह गलत सोचना कि वे वनडे में भी टेस्ट जैसे होंगे। उन्हें इसकी कीमत चुकानी पड़ी।

## करंट अफेयर

# संरा के घोषित एआई निकाय में भारतीय वैज्ञानिक शामिल





कृत्रिम मेधा (एआई) के संचालन में अंतरराष्ट्रीय समुदाय के प्रयासों का समर्थन करने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस द्वारा घोषित एक नए वैश्विक सलाहकार निकाय में भारत के प्रतिष्ठित प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों को नामित किया गया है। एक बयान के अनुसार, बृहस्पतिवार को यहां संयुक्त राष्ट्र प्रमुख द्वारा एआई पर घोषित उच्च-स्तरीय बहुपक्षीय सलाहकार समिति में निकाय, सरकार, निजी क्षेत्र, अनुसंधान समुदाय, नागरिक संस्था और शिक्षा जगत के विशेषज्ञ शामिल हैं। यह समिति जोखिमों पर वैश्विक वैज्ञानिक सहमति बनाने, चुनौतियों, सतत विकास लक्ष्यों के लिए एआई के उपयोग में मदद तथा एआई के संचालन में अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने पर केंद्रित है। परामर्श समिति के सदस्यों में प्रौद्योगिकी पर महासचिव के राजदूत अमनदीप सिंह गिल, इंडिया स्टैक, हेल्थ स्टैक और अन्य डिजिटल सार्वजनिक सामान की अवधारणा रखने वाले एक गैर लाभकारी प्रौद्योगिकी विचार समूह आईएसपीआईआरटी फाउंडेशन के सह-संस्थापक शरद शर्मा और हगिंग फेस, इंडिया में प्रमुख अनुसंधानकर्ता नाजनीन रजनी शामिल हैं।

## ऑफ बीट

# खटमल एक वैश्विक समस्या इसके बारे में जानकारी कम



खटमल छोटे, उड़ने से लाचार कीड़े होते हैं जो मानव रक्त पर जीते हैं। कई प्रजातियां हैं, लेकिन सबसे अधिक लोगों को जिस प्रजाति का पता है वह साइमेक्स लेक्टुलरियस है। रोमनों ने उन्हें साइमेक्स कहा, जिसका अर्थ है बग। 1758 में बहुत बाद में प्राकृतिक इतिहासकार कार्ल लिनिअस ने इनके नाम के साथ 'लेक्ट्युलरियस' को जोड़ा, जिसका अर्थ है बिस्तर या सोफा। हमारा रक्त उनके पोषण का मुख्य स्रोत है, लेकिन वह जीने के लिए अन्य जानवरों का खून भी पीते हैं, जैसे पक्षियों, पालतू जानवरों और चमगादड़ों आदि का। खटमल में एक जटिल आंत माइक्रोबायोटा होता है, जो उन्हें हमारे रक्त से आवश्यक सभी पोषक तत्वों को निकालने में मदद करता है। किशोरों को एक जीवन चरण से दूसरे में विकसित होने के लिए रक्त भोजन की आवश्यकता होती है - इसलिए, वयस्क बनने के लिए, प्रत्येक खटमल को कम से कम पांच रक्त भोजन की आवश्यकता होगी। वयस्क खटमल, हालांकि, भोजन के बिना पूरे वर्ष जीवित रह सकते हैं। वे उड़ नहीं सकते। जैसा कि आप कल्पना कर सकते हैं, चलने से वह बहुत दूर नहीं जा सकते, लेकिन यह घर में हर तरफ फैल जाते हैं। और खटमल ज्यादा दूर तक जाने के लिए इनसानों का इस्तेमाल करते हैं, हालांकि वैज्ञानिक इस बारे में सहमत नहीं हो पा रहे हैं कि वे ऐसा कैसे करते हैं।




गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# वृद्धजनों को मिला माली समाज गौरव सम्मान

सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** सुजानदेसर में निष्काम, निस्वार्थ सेवा करने वाले 7 वृद्धजनों को माली समाज गौरव सम्मान जन चेतना केन्द्र, सुजानदेसर की ओर से शुक्रवार को समाज सेविका श्रीमती रामा देवी गहलोत की स्मृति में माली समाज कल्याण भूमि 'साकेत' में पिछले 25 से अधिक वर्षो से निष्काम, निस्वार्थ व निःशुल्क श्रमदान करने वाले क्षेत्र के पार्षद सहित 7 वृद्धजनों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ.ए.के. गहलोत, जैन स्कूल की पूर्व प्रधानाचार्या श्रीमती अरुणा गहलोत, जन चेतना केन्द्र अध्यक्ष राजेश गहलोत, मानवाधिकार सुरक्षा संघ की प्रदेश अध्यक्ष ममता सिंह, वरिष्ठ पत्रकार शिव कुमार सोनी अतिथि के रूप में कार्यक्रम वृद्धजनों का प्रशस्ति पत्र, शॉल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह से सम्मान किया। सम्मानित होने वालों में भीयाराम गहलोत, गौरीशंकर गहलोत, सत्य नारायण सांखला, सत्य नारायण गहलोत, हरि किशन सांखला, फागुरामजी गहलोत, पार्षद राजेश कच्छावा शामिल थे।




वृद्धजनों व अतिथियों का स्वागत तिलक आदि से श्रीमती कांता भाटी, सरला टाक, जयश्री भाटी, लीला भाटी, नैना सांखला, गौरी शंकर भाटी, मनीषा सुथार, दिनेश सांखला, त्रिलोक सांखला, दीपक, प्रकाश भाटी, गौतम गोलछा, कार्तिक टाक, दौलत सांखला, माणक गहलोत आदि ने किया। मुख्य अतिथि डॉ.ए.के.गहलोत ने कहा कि सामाजिक भूमि की सुरक्षा व उसके विकास के लिए बुजुर्गों से प्रेरणा लेकर युवा पीढ़ी सेवा भावना से कार्य करें।

सुदृढ समाज की संरचना के लिए अधिकाधिक बालक-बालिकाओं को शिक्षित व संस्कारित करें। आर्थिक व पढ़ने में कमजोर बच्चों के लिए निःशुल्क कोचिंग, युवाओं के लिए कैरियर काउंसलिंग व प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए केन्द्र स्थापित करें। जन चेतना समिति के अध्यक्ष राजेश गहलोत ने बताया कि अनपढ़, मेहनत, मजदूरी करने वाले वरिष्ठ नागरिक जो 25 से अधिक वर्षों से नियमित कल्याण भूमि में पहुंचकर पेड़ पौधे लगाने, उनकी देखरेख करने, साफ सफाई करने, पशु पक्षियों को दाना पानी सुलभ करवाने का अनुकरणीय कार्य कर रहे है। सर्दी, गर्मी, आंधी व विपरीत मौसम व परिस्थितियों में भी सदैव सेवा कार्य करने वाले ये वृद्धजन समाज के लिए प्रेरणा व आदर्श है। इन सेवाभावी वरिष्ठजनों को माली समाज गौरव का सम्मान देकर संस्था गौरवान्वित हुई है। उन्होंने सभी सम्मानितों के यशस्वी, स्वस्थ व दीघार्यु की कामना करते हुए नमन किया।

## ईडी दफ्तर के बाहर कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन चुनावी स्टंट : सांसद बोहरा

**बिना आग के धुंआ नही उठता : रामचरण बोहरा**

सितारा न्यूज नेटवर्क



**जयपुर।** राजस्थान में कांग्रेस नेताओं पर हुई ईडी की कार्यवाही पर प्रतिक्रिया देते हुए जयपुर सांसद रामचरण बोहरा ने कहा कि इस सरकार ने पिछले 5 वर्षों में राजस्थान को दोनों हाथों से भर-भर के लूटा है। भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए और जब कार्यवाही हो रही है तो कांग्रेस विक्टिम कार्ड खेल रही है। बिना आग के धुआँ नहीं उठता, अगर कांग्रेस के नेता इतने ही ईमानदार है तो सरकारी जांच एजेंसियों की कार्यवाही से क्यों डर रहे हैं। इस तरह स्वतंत्र जांच एजेंसियों के दफ्तर का घेराव करना एवं प्रदर्शन करना गलत है। कांग्रेस के जो नेता इस तरह से प्रदर्शन कर रहे हैं वह तब कहां थे जब राजस्थान की जनता पर अत्याचार हो रहे थे। सांसद बोहरा ने आगे कहा कि पिछले 5 सालों में कांग्रेस ने राजस्थान को अपराध, बेरोजगारी, महिला उत्पीड़न एवं पेपर लीक में नंबर एक बना दिया। इस सरकार के कुशासन के कारण किसानों की जमीने नीलाम हो गई, कर्ज के कारण उनको आत्महत्या करने पर मजबूर होना पड़ा। पेपर लीक से युवाओं का भविष्य बर्बाद हो गया। बेरोजगारी का आलम तो यह है कि हर तीन में से एक युवा बेरोजगार है। बहन बेटियों का सड़कों पर चलना तक दुश्वार हो गया। भ्रष्टाचार का आलम तो यह रहा हर दिन ऐसीबी किसी न किसी भ्रष्टाचारी को पकड़ती है, पर उसपर कोई कार्यवाही नहीं की जाती। राजस्थान जैसे शांतिप्रिय प्रदेश में आमजन में भय और अपराधियों में विश्वास कायम हो गया। लेकिन अब राजस्थान से इस भ्रष्टाचारी सरकार की विदाई तय हो गई है, प्रचंड बहुमत के साथ भारतीय जनता पार्टी की सरकार राजस्थान में बनने जा रही है।

**किरण स्कूल बना 19 वर्षीय छात्र वर्ग में चैंपियन**

## किरण स्कूल के छात्र श्याम सिंह का एथलेटिक्स में राज्य स्तर पर चयन

सितारा न्यूज नेटवर्क



**गोविंदपुरा।** कालवाड़ रोड स्थित किरण बाल भारती सी सै स्कूल गोविंदपुरा की छात्रा ने 19 वर्षीय 67 वी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में एथलेटिक्स में गोल्ड मैडल जीता। संस्था निदेशक कर्मवीर सिंह बेनीवाल ने बताया कि विद्यालय के खिलाड़ियों द्वारा 67वी जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 19 वर्षीय छात्र वर्ग के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। श्याम सिंह ने ट्रिपल जम्प में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय के लिए गोल्ड मैडल जीता। छात्र का राज्य स्तर के लिए चयन हुआ है पवन चौधरी को ट्रिपल जम्प में कांस्य पदक जीता। साथ ही रिले में अंगद कुमार , हर्ष सैन, पियूष जांगिड, अशोक सिंह ने कांस्य पदक जीता। छात्रों के शानदार प्रदर्शन से खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय टीम में चयन हुआ। विद्यालय पहुंचने पर खिलाडियों को साफा व माला पहनकर स्वागत किया गया। कर्मवीर सिंह बेनीवाल ने खिलाड़ियों को खेल को खेल की भावना से खेलते रहने की सीख दी। तथा खिलाडियों को इसी लगन व मेहनत से आगे भी नेशनल खेलने के लिए प्रेरित किया।

***सब को प्रेरित कर चलो, करना है मतदान***

## मतदान के लिए आमजन को किया जागरूक और स्लोगन लिखे गए

### मत के बल सरकार है, लोकतंत्र की शान

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना।** अलवर के मालाखेडा ब्लॉक के रा.बा.उच्च.मा.विद्यालय बालेटा में प्रधानाचार्य संगीता गौड़ के नेतृत्व में समस्त स्टाफ सदस्यों ने सभी छात्राओं द्वारा शानदार मतदाता जागरूकता रैली निकालने का आयोजन किया गया। सभी ग्रामवासियों को मतदान करने की शपथ दिलवाई गयी। विद्यालय में अभिभावकों को बुलाकर छात्राओं द्वारा रंगोली बनाकर के मतदान करने के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में आए हुए सभी ग्रामवासियों को मतदान करने का महत्व भी बताया गया। कार्यक्रम के अंत मे संगीता गौड़ ने सभी ग्रामवासियों का मतदाता जागरूकता रैली को सफल बनाने के लिए आभार व्यक्त किया। मिडिया को यह जानकारी प्रधानाचार्य संगीता गौड़ द्वारा दी गई।





**सस्ती दर पर खाद बीज उपलब्ध होगा**

## बाय गांव में कृषि फेड प्रोड्यूसर लिमिटेड कम्पनी का शुभारम्भ हुआ



सितारा न्यूज नेटवर्क

**सीकर।(विनोद धायल)** खाटूश्यामजी के नजदीकी गांव बाय में किसान उत्पादन संगठन कृषि किसान उत्पादन मंत्रालय भारत सरकार के तहत श्री जगन गोपाल कृषि फेड प्रोड्यूसर लिमिटेड कम्पनी (एफपीओ) का फीता काट कर शुभारम्भ किया गया। इसी दौरान सीबीबीओ सेफ एग्रो रेजनल मेनेजर महेंद्र कुमार लोरा ने बताया कि किसान को एफपीओ से जुड़कर किसान लाभ प्राप्त कर सकता है। कृषि से जुड़ी अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। किसानो को जगन गोपाल कृषि फेड प्रोड्यूसर कम्पनी में निवेश प्रौद्योगिकी, तथा बाजार तक पहुंचने में सुधार के लिए प्रभावी तरीके से किसानों को उत्पादक लागत में कमी प्रति इकाई उत्पादकता में दृष्टि से शुद्ध आय बढ़ाने के लिए बेहतर बाजार संपर्क को सुगम एफपीओ से माध्यम से बनाया जा सकता है इसमें न केवल किसानों की आय बढ़ाने मे सहायता मिलेगी बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था में प्राप्त सुधार होगा। साथ ही सस्ती दर पर खाद बीज भी उपलब्ध होगा। कार्यक्रम में सरपंच छितर मल लोरा, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश वर्मा, बाय सरपंच मुकेश खांडल ,सुभाष हरितवाल, बाज्यावास सहकारी समिति के अध्यक्ष चौ. लच्छाराम फल्डोलिया, शेखावाटी कॉलेज के निर्देश दिनेश रणवां एवं कंपनी निदेशक एवं कंपनी के सदस्य सहित जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## पूर्व सरपंच की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा हुई आयोजित



सितारा न्यूज नेटवर्क

**राजाखेड़ा/अंकित गोयल।** राजाखेड़ा क्षेत्र की बहुचर्चित शख्सियत देवखेड़ा ग्राम पंचायत से पूर्व सरपंच व पूर्व पंचायत समिति सदस्य स्वर्गीय रामावतार पाराशर की 20 वीं पुण्यतिथि पर आज लम्बरदार ब्रिक फील्ड देवखेड़ा में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई जिसमें उनके चाहने वालों ने उन्हें नम आंखों से याद करते हुए अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा के मौके पर राजाखेड़ा में से कई लोग शामिल हुए जहाँ उन्होंने रामावतार पाराशर के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान लोगों ने अपने अपने विचार रखते हुए कहा कि पूर्व सरपंच स्वर्गीय रामावतार पाराशर अपने समय में ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ एवं निडर व्यक्ति रहे थे छल कपट उनके स्वभाव में नही था जो वे कहते थे वही करते थे इसलिए उन्हें सर्व समाज का नेता माना जाता था 2003 से पहले वे भाजपा के दिग्गज नेताओं में शामिल थे उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री भैरोसिंह शेखावत व वसुंधरा राजे का भी करीबी बताया जाता था। अपने समय मे उन्होंने हमेशा गरीबों की सहायता करने का कार्य किया। श्रद्धांजलि सभा में इस दौरान उनके भतीजे दिलीप पाराशर पुत्र आशीष सहित परिवारीजन एवं पंकज शर्मा जगन, किरोड़ी लाल जाटव, ब्राह्मण समाज अध्यक्ष पवन उपाध्याय, कैलाश चिहार, रामवीर शर्मा, मधुसूदन शर्मा, उत्तम दीक्षित, माधो सिंह सरपंच, उत्तम दीक्षित, गिर्राज मास्टर, गणेश सरपंच, बंटी सरपंच, कुम्हर सिंह, मुकेश बघेल, गुलाब सिंह महतर सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे

***सामोद थाना पुलिस को मिली सफलता***

## सामोद थाना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान एक लाख पचास हजार रुपये किये जब्त

**सामोद थानाधिकारी बाबूलाल मीणा उपनिरीक्षक के नेतृत्व में हुई कार्यवाही**

सितारा न्यूज नेटवर्क

**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर)।** जिला पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण आईपीएस शांतनु कुमार सिंह ने बताया कि आगामी विधान सभा चुनावों के मध्यनजर आदर्श आचार संहिता की पालना व अवैध गतिविधि अवैध शराव अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिये जाने पर जयपुर ग्रामीण की सामोद थाना पुलिस ने डॉ. हरिप्रसाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय ) जिला जयपुर ग्रामीण, आरपीएस बालाराम चौधरी वृताधिकारी वृत गोविन्दगढ के सुपरविजन मे व बाबुलाल मीणा उपनिरीक्षक थानाधिकारी थाना सामोद जिला जयपुर ग्रामीण के नेतृत्व में नाकाबंदी पाइंट जाटावली मोड पर की गई नाकाबंदी के दौरान स्विफ्ट डिजायर कार आर जे 14 सी. एच 3582 को रुकवाकर चैक किया गया । चैकिंग के दौरान कार सवार रुपसिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह जाति चारण उम्र 43 साल निवासी प्लाट न. 166 /60 श्रीराम नगर रोड़ न.17 वी के आई एरिया पुलिस थाना जिला जयपुर के पास से एक लाख पचास हजार रुपये (1,50000 )नकद मिले । एक लाख पचास हजार (1,50000 ) की नकद मिली राशि के बारे में जब कार सवार से पूछताछ की गई तो कोई संतोषप्रद जवाब नही देने पर विधान सभा चुनाव 2023 के तहत लगी आदर्श आचार संहिता का उल्लघंन मानते हुए उक्त एक लाख पचास हजार की राशि को जब्त किया गया।





**टीम जिसने दिया कार्यवाही को अंजाम:** सामोद थानाधिकारी बाबूलाल मीणा उपनिरीक्षक के नेतृत्व में हेड कानि. राजेंद्र मीणा , कानि. अजय, यातायात कानि. विरेन्द कुमार ने कार्यवाही कर एक लाख पचास हजार ( 1,50000 ) की नकद राशि जब्त की ।

## खाटूश्यामजी मंदिर आज रहेगा बंद



**खाटूश्यामजी।(विनोद धायल)** सीकर के प्रसिद्ध खाटू श्याम मंदिर के कपाट चंद्र ग्रहण होने के कारण आज दोपहर 3:30 बजे मंदिर के कपाट बंद हो जाएंगे। ऐसे में मंदिर कमेटी ने आदेश जारी कर भक्तों से अपील की है कि भक्त इसके बाद ही मंदिर में दर्शन करने के लिए पहुंचे। श्री श्याम मंदिर कमेटी के अध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान ने आदेश जारी करते हुए बताया है कि 28 अक्टूबर को चंद्र ग्रहण होने के कारण आज मंदिर के कपाट 28 अक्टूबर को दोपहर 3:30 बजे बंद होंगे। जो कल दिन 29 अक्टूबर की सुबह 5:15 बजे खुलेंगे। ऐसे में भक्त इसके बाद ही मंदिर में दर्शन करने के लिए पहुंचे।

**सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित**

## धायल ने छात्र छात्राओं को सड़क पर सुरक्षित वाहन संचालन हेतु यातायात नियमों की दी जानकारी

### विधार्थियों को दिलवाई सड़क सुरक्षा जागरूकता की शपथ

सितारा न्यूज नेटवर्क






**सीकर।(विनोद धायल)** राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय सीकर में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य वक्ता परिवहन निरीक्षक झाबर सिंह धायल ने छात्र छात्राओं को सड़क पर सुरक्षित वाहन संचालन हेतु यातायात नियमों की जानकारी दी गई । दुर्घटना घटित हो जाने पर घायलों की मदद हेतु प्रेरित किया एवं ऐसे मददगारों को राज्य सरकार द्वारा पुरस्कृत किए जाने सम्बंधित चिरंजीवी योजना के बारे में जानकारी दी। चालक लाइसेंस की महत्ता एवं लाइसेंस बनाने की आनलाइन प्रकिया के बारे में अवगत कराया निरीक्षक धायल ने बताया कि सड़क की अपनी मूक भाषा होती है जो संकेतकों एवं लाईनों के माध्यम से सड़क प्रयोग करने वालों को जागरूक करती है बशर्ते सड़क यूजर्स को इनकी जानकारी हो। उन्होंने बताया कि दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए आमजन को जागरूक बनाना होगा । डॉ विजयपाल सिंह धायल ने ट्रोमा सम्बन्धित जानकारी एवं घायल को गोल्डन आवर में दी जाने वाली आवश्यकता की महत्ता को समझाया ताकि घायल व्यक्ति के जीवन को बचाया जा सके। डॉ धायल ने सी पी आर कैसे दिया जाता है डेमो के माध्यम से जानकारी दी। प्राचार्या डॉ सुनीता पांडेय ने विधार्थियों से यातायात नियमों की पालना हेतु अपील की एवं विधार्थियों को सड़क सुरक्षा जागरूकता शपथ दिलवाई। कार्यक्रम में कालेज स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

## सभी व्यापारी कार्यवाही से बचे, सफाई करने आए है, पार्सल रखने आए है दुकान नही खोल रहे जैसे बहाने होंगे वर्जित

***कल माह का अंतिम रविवार, सम्पूर्ण बाजार रहेगा बंद***

सितारा न्यूज नेटवर्क

**चौमूं (सुनील कुमार पाराशर)।** कल 29-10-2023 को माह का अंतिम रविवार होने से प्रत्येक माह के अंतिम रविवार की तरह कल भी सम्पूर्ण बाजार बंद रहेगा । रेडिमेड वस्त्र एवं होजरी व्यापार मंडल चौमूं के उपाध्यक्ष राजकुमार कुमावत ने जानकारी देते हुए बताया कि कल माह का अंतिम रविवार होने से सम्पूर्ण बाजार बंद रहेगा । इसे लेकर विभिन्न व्यापार मंडलो के सभी व्यापारियों को सूचित कर दिया गया है । साथ ही उन्होने व्यापारियों को आगाह भी किया गया है कि कोई भी व्यापारी दूकान खोलने के किसी भी तरह के बहाने तलाश ना करें । किसी भी तरह का बहाना बनाना वर्जित है। कुमावत ने बताया की बंद की मॉनिटरिंग विभिन्न व्यापार मंडलों के पदाधिकारियों द्वारा की जाएगी । साथ ही उन्होने विभिन्न व्यापार मंडल के सभी व्यापारियों को संगठन के फैसलों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने, संगठन को मजबूत बनाने एवं किसी भी तरह के कोई विवाद व कार्रवाई से बचने का अनुरोध किया है ।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

### संध्या कालीन आरती के समय में हुआ बदलाव

# जसोलधाम में हजारों श्रद्धालुओं ने शीश नवा की खुशहाली की मंगल कामना, ब्रह्ममुहूर्त में माजीसा के दर्शन कर झूमे उठे भक्त

सितारा न्यूज नेटवर्क

**विकास माल / बालोतरा।** जसोल - श्री राणी भटियाणी मंदिर संस्थान (जसोलधाम में आसोज शुक्ल पक्ष त्रयोदशी को श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा नजर आया । श्री राणीसा भटियाणीसा के दर्शनों को दूर-दराज से आए पैदल जातरुओं के जत्थे हाथों में ध्वज पताकाएं लिए ढोल-नगाड़ों के साथ नाचते-गाते हुए जसोल धाम पहुंचे। श्रद्धालुओं द्वारा मां के जयकारे लगाने से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान रहा। मेले में श्रद्धालुओं ने घंटों प्रतीक्षा के बाद आई बारी पर मां के दरबार में शीश नवा कुमकुम चुंदड़ी प्रसाद चढ़ाकर परिवार में खुशहाली की मंगल कामना की। अल सवेरे से ही मंदिर में दर्शनार्थियों के आवागमन का सिलसिला शुरू हो गया था जो कि दिन चढ़ने के साथ-साथ बढ़ता ही गया। मन्दिर संस्थान की और से श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा की माकूल व्यवस्था की गई। झूमते-गाते संघ के साथ पहुंचे श्रद्धालु त्रयोदशी को माजीसा के दर्शन के लिए बाड़मेर, जोधपुर नागौर, जालोर पाली जैसलमेर, बीकानेर सहित सम्पूर्ण राजस्थान, गुजरात तथा देश के विभिन्न क्षेत्रों से लंबी दूरी तय कर पैदल जत्थों के रूप में श्रद्धालु मंदिर ( जसोलधाम) पहुंचे। डीजे साउंड पर माजीसा के भजनों पर झूमते नाचते श्रद्धालु माजीसा की भक्ति में रंगे नजर आए। मंदिर पहुंचते ही माजीसा की प्रतिमा के समक्ष नतमस्तक होकर शीश नवाया व खुशहाली की कामना की। मनोकामना पूरी होने पर दिए राति जोगे मनोकामनाएं पूर्ण होने पर कई श्रद्धालुओं ने तेरस की पूर्व संध्या पर द्वादशी रात्रि को मंदिर परिसर में राति जोगा दिया। सारी रात मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन की रसधारा बही त्रयोदशी को ब्रह्ममुहूर्त में मंदिर के कपाट खुलते ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। मां की मंगल आरती उतारकर शीश नवा प्रसाद चढ़ा परिवार में खुशहाली की कामना की। त्रयोदशी को लेकर माता राणी भटियाणी की प्रतिमा को नव वस्त्राभूषण से श्रृंगारित किया गया। मां के जयकारों से गूंजा मंदिर परिसर- त्रयोदशी के मेले में श्रद्धालुओं के जयकारों से मंदिर परिसर पुरे दिन गुंजायमान व धर्ममय बना रहा। श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर में स्थित श्री सवाईसिंहजी श्री लालबन्नासा श्रीबायोसा श्री भेरूजी व श्री खेतलाजी मंदिरों में विधि- विधान से पूजा-अर्चना की। दिनभर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगी रही। आसोज शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी के अवसर पर कई नव-विवाहित जोड़ों ने छेड़ा बंदी बांधकर सुखी दांपत्य जीवन की कामना को लेकर मां के दरबार में जात लगाई।







## संध्या कालीन आरती के समय में हुआ बदलाव

श्री राणी भटियाणी मंदिर संस्थान मैनेजमेंट कमेटी द्वारा शीत ऋतु को मद्देनजर रखते हुए आरती के समयों में बदलाव किया गया है। आज से प्रातःकालीन (मंगला) आरती सुबह 6 बजे से व संध्याकालीन आरती 06.30 बजे से होगी, भक्तगण इस बदलाव किए गए समय में पधारकर आरतियों का लाभ ले सकते हैं

### कपाट रहेंगे मंगल

श्री राणी भटियाणी मंदिर संस्थान समिति सदस्य कुं. हरिश्चंद्रसिंह जसोल ने बताया कि संस्थान द्वारा चंद्रग्रहण को मद्देनजर रखते हुए 28 अक्टुम्बर सांय 04 बजे से 29 अक्टुम्बर प्रातः 04 बजे तक मंदिर के कपाट मंगल रखने का निर्णय लिया है। इस सूतक व ग्रहण काल में जसोलधाम में पूजा-पाठ व भक्तों को दर्शन लाभ नहीं मिलेगा शास्त्रों के अनुसार सूतक व ग्रहण काल में पूजा-पाठ करना वर्जित है संस्थान का श्री राणीसा भटियाणी के समस्त भक्तों से आग्रह है कि सूतक काल व चन्द्रग्रहण काल के दौरान अपने घरों में बैठकर जसोल मां की आराधना करें

## इन्होंने लिया अन्न प्रसादम लाभ

आसोज शुक्ल पक्ष त्रयोदशी को महंत श्री गणेशपुरी जी महाराज (वरिया मठ के पावन सानिध्य एवम् वैदाचार्य दीपक भट्ट पंडित मनोहरलाल अवस्थी के द्वारा वैदिक मंत्रोचार विधि-विधान तथा पारम्परिक रीति रिवाज से कन्या पूजन सभी मंदिरों में भोग कन्या भोजन सहित सभी भक्तों को अन्न प्रसादम करवाने का लाभ असाड़ा निवासी श्री भूपतसिंह सुपुत्र स्वर्गीय श्री जबरसिंह ने लिया

### यह रहे मौजूद

इस शुभ अवसर पर भूपतसिंह जोगसिंह रामसिंह हितेंद्रसिंह भैरूसिंह संजयपालसिंह राकेश परिहार, रमेश सैन असाड़ा, मुल्मानमल माली जसोल संस्थान प्रबंधक जेठुसिंह सुरक्षाप्रभारी चतरसिंह, पर्यवेक्षक भोपालसिंह सहित श्री राणीसा भटियाणीसा के अनन्य भक्तगण मौजूद रहे

# कांग्रेस के राज में हर माह गोवंश तस्करी के 25 मुकदमें दर्ज : गोयल

*गो तस्करों ने पुलिस के साथ गौ–रक्षकों पर भी की फायरिंग: अमित गोयल*

सितारा न्यूज नेटवर्क



**राजस्थान में 2019 से 2022 तक 1178 गो तस्करी के मामले दर्ज : अमित गोयल**

**जयपुर।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमित गोयल ने कहा कि राजस्थान, जहां गाय को माता के समान दर्जा दिया जाता है। लोग गो वंश की पूजा करते है। ऐसी पुण्यधरा राजस्थान में कांग्रेस सरकार के राज में गो वंश की तस्करी, गो–रक्षकों पर प्राणघातक हमले और गो हत्या जैसे मामले पिछले चार सालों में लागतार बढ़ते गए। गो तस्कारों के हौंसले इतने बुलंद हो गए है कि गो-रक्षक तो दूर पुलिसकर्मियों पर भी हमला करने से बाज नहीं आ रहे है। कांग्रेस राज में औसतन हर माह 25 मामले गो तस्करी के दर्ज किया जा रहे है। गो रक्षकों की सजगता के चलते गो तस्करी में शामिल लोगों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही। प्रदेश में गोवंश तस्करों के हौंसले इतने बढ़ गए है कि गो मांस तक की तस्करी हो रही है। अलवर के भिवाडी में तस्कर खुलेआम 45 किलोग्राम तक गो मांस लेकर जाते हुए पकड़े गए। पुलिस की जांच में अधिकृत पशु चिकित्सक की जांच में गो मांस होने की पृष्टि की गई थी। प्रदेश में अलवर और भरतपुर में प्रदेश की 40 प्रतिशत तक गो तस्करी की वारदातें हो रही है, इसके बावजूद कांग्रेस सरकार कोई कोठ कार्रवाई नहीं कर रही।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमित गोयल ने कहा कि प्रदेश में इस तरह की यह एकमात्र घटना नहीं है। प्रदेश में विगत कुछ महिनों में लगातार गौ-तस्करी व गौ-हत्या के कई मामले सामने आए हैं। कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में खेतड़ी का एक वीडियो वायरल हुआ, इसमें 3 युवक एक गाय और बैल को मशाल से जलाने का प्रयास करते दिखे। इसके अतिरिक्त हाल ही में गौ -तस्करी/ गौ-उत्पीड़न की कई घटनाएं हुई, इनमें से मालपुरा में कंटेनर में निर्दयता से ठूँसकर भरे गए 53 गौवंश को मुक्त कराया गया, 2 गौवंश मृत पाए गए। वहीं सवाई माधोपुर में 75 गौवंश से भरा ट्रक पकड़ा गया, जिन्हें काटने के लिए ले जाया जा रहा था। प्रतापगढ़ में एक ट्रक में भरे गए 51 गौवंश को मुक्त कराया गया, एक की दम घुटने से मृत्यु हो चुकी थी।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमित गोयल ने कहा कि खोह भरतपुर में एक गाड़ी में 2 गोवंश जीवित तथा 1 मृत पाया गया। आबूरोड में 39 गौवंश से भरा कंटेनर पकड़ा गया, 4 आरोपी गिरफ्तार किए गए। बूंदी के पेच बावड़ी से मिनी ट्रक में काटने को ले जाते 10 गौवंश पकड़े गए। दूनी, टोंक में गौसेवा दल द्वारा गौतस्करों के कब्जे से कई गायों को छुड़ाया गया। भरतपुर से गौ तस्कर साकिर की गिरफ्तारी हुई है जो बहुत समय से गौहत्या व गौ तस्करी में लिप्त रहा है। इसी के साथ अजमेर में गौ-तस्करों के सक्रिय होने की बात सामने आई है जो निराश्रित गौ को घेरकर सुनसान में ले जाते हैं और रात के अंधेरे में गाड़ियों में भरकर काटने के लिए भेज देते हैं। गत दिनों सूपा क्षेत्र से ऐसा ही एक ट्रक पकड़ा गया था। इन तमाम घटनाओं को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि राज्य की कांग्रेस सरकार तुष्टिकरण में डूबकर गौ हत्या पर आँखें मूंदे बैठी है। इतना ही नहीं, गौ रक्षा करते हुए तस्करों की फायरिंग का शिकार होने वाले गौ-सेवकों पर ही मुकदमे दर्ज किए जाते हैं, इसके अनेक उदाहरण हैं। समय की मांग है कि गौ-उत्पीड़न के विरुद्ध न केवल सख्त से सख्त कानून बने, अपितु सनातन समाज की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए दोषियों को दंडित किया जाए।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमित गोयल ने कहा कि राजस्थान में 1 जनवरी 2019 से दिसम्बर, 2022 तक गौ-तस्करों के कुल 1178 प्रकरण दर्ज हुए हैं। इनमें स्थानीय लोगों के साथ गो रक्षकों की सहायता से 1781 अभियुक्त गिरफ्तार किये गये है। कहने को तो राजस्थान में सरकार द्वारा गौ-तस्करी की प्रभावी रोकथाम हेतु पशु क्रूरता अधिनियम में प्रकरण दर्ज किये जाते है। लेकिन अंकुश नहीं लगाया जा रहा है। राजस्थान के भरतपुर, अलवर, भिवाडी और झालावाड में 60 फीसदी से ज्यादा गो तस्करी के मामले दर्ज किए गए। राज्य में सर्वाधिक गो तस्करी के मामले भरतपुर में 301, अलवर में 182, भिवाडी में 138 और झालावाड में 101 दर्ज किए गए। ये तो वो मामले है जो प्रशासन ने दर्ज किए, लेकिन ऐसे कई मामले है जो दर्ज ही नहीं हुए।

# भोमिया जी महाराज मंदिर में जिर्णोद्वार कार्यक्रम का आयोजन

सितारा न्यूज नेटवर्क


**खाटूश्यामजी।(विनोद धायल)** राजस्व गांव लामियां में श्री भोमिया जी महाराज मंदिर जीणोद्धार कार्यक्रम भोमिया जी कृषि फार्म पर बड़े धूमधाम से मनाया गया। जिसमें ग्रामीणों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया तथा प्रसादी ग्रहण की। साथ ही जनप्रतिनिधि डॉ. रीटा सिंह, राजेंद्र धीरजपुरा, प्रभू सिंह गोगावास, शक्ति सिंह अलोदा, कामरेड अमराराम, गजानंद कुमावत,विजय बधाल, शंकर बलौदा, लक्ष्मीनारायण कुमावत, भागचंद लामिया, डॉ.ओपी काजला, गोपाल खातोदिया व कई वरिष्ठ वन अधिकारियों ने शिरकत की। साथ ही बाबा श्याम के महंत मोहनदास महाराज पधार कर सभी ग्रामीण जनों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में शामिल हुए अतिथियों का मदन सिंह, बलवीर सिंह, कामरेड निहाल सिंह, प्रभु सिंह, भवानी सिंह, विजय सिंह व रविंद्र सिंह ने साफा व माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं वीरेंद्र सिंह शेखावत व फारेस्टर दुर्गा कंवर ने अतिथियों व ग्रामीण जनों का आभार व्यक्त किया।







## रोशन ढाका बने जयपुर जाट महापंचायत संस्थान के संरक्षक



**जयपुर।** जयपुर जाट महापंचायत के पदाधिकारियों का विस्तार करते हुए जयपुर जाट महापंचायत संस्थान के अध्यक्ष हीरानंद कटारिया ने रोशन सिंह ढाका पुत्र गोपी राम चौधरी निवासी रोसवुड अपार्टमेंट सिरसी रोड को संरक्षक पद पर नियुक्त किया। रोशन ढाका कई वर्षों से समाज सेवा में लगे हुए हैं धार्मिक सामाजिक समाज के लिए तन मन धन से कार्य करते आए हैं जाट महापंचायत के सभी पदाधिकारियों ने बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की।

# भय मुक्त चुनाव संपन्न कराने हेतु पुलिस विभाग हुआ सक्रिय

*भय मुक्त चुनाव संपन्न कराने हेतु अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक सुरेश खींची ने मौजपुर में ग्रामीणों के साथ ली बैठक*

सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना,** अलवर मे विधानसभा चुनाव को भय मुक्त एवं निष्पक्ष रूप से कराने हेतु पुलिस प्रशासन हुआ सक्रिय और इसी को ध्यान मे रखते हुए शुक्रवार को राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ विधानसभा क्षेत्र के नगर पालिका लक्ष्मणगढ़ क्षेत्र के ग्राम मौजपुर में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कस्बे वासियों के साथ भय मुक्त मतदान को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेश खींची ने ग्रामीणों को आगामी चुनावों को लेकर के शांतिपूर्ण संपन्न कराने हेतु चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों के आदेशों की पालना एवं निर्भीक भय मुक्त होकर मतदान करने की अपील की। चुनाव आयोग के दिशा निर्देशनों पर विस्तार पूर्वक बताते हुए उनके पालना करने के निर्देश भी ग्रामीणों को दिए। ग्रामीणों के बीच इस मीटिंग के दौरान वृत पुलिस उपाधीक्षक कमल प्रसाद मीणा व थाना अधिकारी लक्ष्मणगढ़ श्रीराम मीणा भी मौजूद रहे। ग्रामीणों में मौजपुर के पूर्व सरपंच रामेश्वर दयाल उर्फ गुड्डू जैन , जफरुद्दीन खान , सुलेमान खान मास्टर पूरन पप्पू चंद्रशेखर शर्मा बच्चू खान धोला खान इसराइल मास्टर दीनू खान सहित अन्य कई गणमान्य ग्रामीण लोग मौजूद थे। मिडिया को यह सारी जानकारी लक्ष्मणगढ से गिर्राज सोलंकी के द्वारा दी गई है।



## उपराष्ट्रपति ने वनों पर संयुक्त राष्ट्र फोरम-भारत की पहल में बोले

# जलवायु परिवर्तन का समाधान एक नहीं, सभी देश मिलकर ढूंढें

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

पर्यावरणीय चुनौतियों के समाधान के लिए समन्वित वैश्विक रुख को एकमात्र विकल्प बताते हुए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि एक देश इसका समाधान नहीं ढूंढ सकता है। समाधान खोजने के लिए युद्धस्तर पर सभी देशों को एकजुट होना होगा। देहरादून में वन अनुसंधान संस्थान में वनों पर संयुक्त राष्ट्र मंच-भारत द्वारा देश के नेतृत्व वाली पहल के समापन समारोह को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह पृथ्वी हमारी नहीं है और हमें इसे आने वाली पीढ़ियों को सौंपना होगा।



### हम पृथ्वी के केवल ट्रस्टी

जैव विविधता के पोषण और संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि हम पृथ्वी के केवल ट्रस्टी हैं। हम अपने लापरवाह दृष्टिकोण और प्राकृतिक संसाधनों के दोहन के साथ अपनी भावी पीढ़ियों के साथ समझौता नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि सतत विकास और जलवायु परिवर्तन पर काबू पाना सुरक्षित भविष्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। भावी चुनौतियाँ के प्रति लोगों को आगाह करते हुए उन्होंने कहा कि यदि विकास टिकाऊ नहीं है तो पृथ्वी पर जीवित रहना मुश्किल होगा।

### वनों का संरक्षण महत्वपूर्ण है, ये आदिवासी समुदायों की जीवनरेखा हैं

जगदीप धनखड़ ने कहा कि आज विकास और संरक्षण के बीच एक नाजुक संतुलन बनाने की आवश्यकता है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि हमारे नागरिकों की विकास आवश्यकताओं को पूरा करते हुए हमारे जंगल फलते-फूलते रहें। उन्होंने कहा कि वन हमारे लाखों नागरिकों, विशेषकर आदिवासी समुदायों की जीवनरेखा है। वनों का संरक्षण महत्वपूर्ण है तथापि वन संसाधनों पर निर्भर समुदायों को उन से अलग नहीं किया जा सकता है। उत्तराखंड के राज्यपाल, लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह, वन महानिदेशक, चंद्र प्रकाश गोयल, निदेशक, यूनिसेफ सुश्री जूलियट बियाओ कॉडेनौक पो, अतिरिक्त महानिदेशक वन, महानिदेशक, आईसीएफआरई, बिवाश रंजन, भरत ज्योति, और विभिन्न देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के सम्मानित प्रतिनिधियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।

### कोविड से गंभीर चुनौती है

उपराष्ट्रपति ने कहा कि हम जिस जलवायु चुनौती का सामना कर रहे हैं, वह किसी व्यक्ति को प्रभावित नहीं करेगी, बल्कि यह पूरी पृथ्वी को प्रभावित करेगी। उन्होंने समाधान खोजने के लिए सभी संसाधन जुटाने का आह्वान किया। कोविड महामारी दुनिया के लिए एक चुनौती थी, जलवायु परिवर्तन कोविड चुनौती से कहीं अधिक गंभीर है। ऐसे में एक देश इसका समाधान नहीं ढूंढ सकता है। इसके लिए युद्धस्तर पर सभी देशों को एकजुट होना होगा।

### वन कार्बन सिंक प्रदान करते हैं

उपराष्ट्रपति ने कहा कि वन एक कार्बन सिंक प्रदान करते हैं जो हर साल 2.4 बिलियन मीट्रिक टन कार्बन को अवशोषित करता है। हम सभी को यह महसूस करने की आवश्यकता है कि वन ही जलवायु परिवर्तन का एक मात्र समाधान हैं। वन देश की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और बौद्धिक विरासत को भी समाहित करते हैं।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## वर्ल्ड कप: पॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंचा साउथ अफ्रीका

# दक्षिण अफ्रीका की एक विकेट से रोमांचक जीत, पाकिस्तान की लगातार चौथी हार



भाषा ▶▶ चेन्नई

एडेन मार्कराम की जिम्मेदारी से भरी पारी और केशव महाराज की अगुवाई में पुछल्ले बल्लेबाजों के योगदान से दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी वनडे विश्व कप के मैच में शुक्रवार को यहां पाकिस्तान पर एक विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की। पाकिस्तान की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 46.4 ओवर में 270 रन पर आउट हो गई। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने 47.2 ओवर में 9 विकेट पर 271 रन बना कर जीत दर्ज की। दक्षिण अफ्रीका के इस जीत से छह मैच में 10 अंक हो गए हैं और वह भारत की जगह अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। पाकिस्तान की यह लगातार चौथी हार है और उसके छह मैच में केवल चार अंक हैं, जिससे उसकी सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है।

■ शम्सी को प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला

दोनों टीम के बीच मार्कराम ने अंतर पैदा किया, क्योंकि पाकिस्तान की तरह दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज भी अपनी अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए। मार्कराम ने 93 गेंद पर 91 रन बनाए जिसमें सात चौके और तीन छक्के शामिल हैं। उनके आउट होने के बाद महाराज ने एक छोर एक संभाले रखा तथा 21 गेंद पर नाबाद सात रन बनाए। उन्होंने मोहम्मद नवाज पर विजयी चौका भी लगाया। पाकिस्तान की तरफ से सौद शकील (52) और बाबर (50) ने अर्धशतक जमाए। उनके अलावा शादाब खान ने 43 और मोहम्मद रिजवान ने 31 रन का योगदान दिया। दक्षिण अफ्रीका के कलाई के स्पिनर तबरेज शम्सी ने 60 रन देकर चार विकेट लिए। तेज गेंदबाज मार्को यानसन (43 रन देकर तीन) और गेराल्ड कोएत्जी (42 रन देकर दो) ने उनका अच्छा साथ दिया। पाकिस्तान को दक्षिण अफ्रीका की पारी के पहले ओवर में ही झटका लगा जब क्विंटन डिकॉक को रन आउट करने के प्रयास में शादाब के सिर में चोट लग गई। उनकी जगह उसामा मीर को 'कनकशन सब्स्टीट्यूट' के रूप में टीम में शामिल किया गया। बेहतरीन फॉर्म में चल रहे डिकॉक (14 गेंद पर 24 रन) ने तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी के पहले ओवर में चार चौके जड़कर अपने तेवर दिखाये लेकिन इसी गेंदबाज के अगले ओवर में वह सही टाइमिंग से शॉट नहीं लगा सके और डीप स्क्वायर लेग कैच देकर पवेलियन लौट गए। कप्तान तेंबा बावुमा (28) ने मोहम्मद नवाज का तीन चौकों और हारिस रऊफ का छक्के से स्वागत किया लेकिन मोहम्मद वसीम ने गेंद संभालते ही उन्हें स्क्वायर लेग पर कैच करा दिया। इससे बल्लेबाजों को संभलकर खेलना पड़ा।

### पाक-270/10 (46.4)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| शफीक का एंगिडि बो जानसेन | 9 |
| इमामुल हक का क्लासेन बो जानसेन | 12 |
| बाबर आजम का डिकॉक बो शम्सी | 50 |
| रिजवान का डिकॉक बो कोएत्जी | 31 |
| अहमद का क्लासेन बो शम्सी | 21 |
| सउद शकील का डिकॉक बो शम्सी | 52 |
| शादाब खान का महाराज बो कोएत्जी | 43 |
| मोहम्मद नवाज का मिलर बो जानसेन | 24 |
| शाहीन अफरीदी का महाराज बो शम्सी | 2 |
| मोहम्मद वसीम का डिकॉक बो एंगिडि | 7 |
| हारिस रऊफ नाबाद | 0 |

अतिरिक्त : 19 रन
कुल योग : 46.4 ओवर में 270 रन
गेंदबाजीः जानसेन 9-1-43-3, एंगिडि 7.4-0-45-1, मार्कराम 4-0-20-0, महाराज 9-0-56-0, कोएत्जी 7-0-42-2, शम्सी 10-0-60-4

### अफ्रीका-271/9 (47.2)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| तेंबा बावुमा का शकील बो वसीम | 28 |
| डिकॉक का वसीम बो अफरीदी | 24 |
| रासी वान डर डुसेन पगबाधा बो मीर | 21 |
| एडेन मार्कराम का बाबर बो मीर | 91 |
| हेनरिक क्लासेन का मीर बो वसीम | 12 |
| मिलर का रिजवान बो अफरीदी | 29 |
| मार्को यानसन का बाबर बो रऊफ | 20 |
| कोएत्जी का रिजवान बो अफरीदी | 10 |
| केशव महाराज नाबाद | 07 |
| लुंगी एनगिडी का एवं बो रऊफ | 04 |
| तबरेज शम्सी नाबाद | 04 |

अतिरिक्त 21
कुल (47.2 ओवर में, नौ विकेट पर) 271
गेंदबाजी : अहमद 3-0-23-0, शाहीन 10-0-45-3, नवाज 6.2-0-40-0, हारिस 10-0-62-2, वसीम 10-1-50 -2, उसामा 8-0-45-2

टेबल टेनिस



# अर्जुन, तिलोत्तमा को रजत पदक और ओलंपिक कोटा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय निशानेबाजों अर्जुन बाबुता और तिलोत्तमा सेन ने कोरिया के चांगवोन में चल रही एशियाई चैंपियनशिप में पुरुषों और महिलाओं की दस मीटर एयर राइफल स्पर्धा में शुक्रवार को रजत पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल किया। 24 वर्ष के बाबुता, दिव्यांश सिंह पंवार और ह्रदय हजारिका ने 1892.4 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता।

बाबुता ओलंपिक कोटा हासिल करने वाले भारत के नौवें निशानेबाज बन गए। महिला और पुरुष वर्ग में पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करने वाले वह सातवें राइफल निशानेबाज बन गए। 15 वर्ष की तिलोत्तमा ने महिलाओं के फाइनल में 252.3 अंक बनाकर भारत के लिए दसवां कोटा हासिल किया। वह स्वर्ण पदक से मामूली अंतर से चूक गई। कोरिया की युंजी क्वोन ने 252.4 अंक के साथ स्वर्ण जीता। बाबुता ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 251.2 अंक बनाए। टीम स्पर्धा में भारत ने स्वर्ण, चीन ने रजत और जापान ने कांस्य जीता। भारत के अब आठ स्वर्ण, सात रजत और चार कांस्य पदक हो गए हैं जबकि स्पर्धा में पांच दिन और बाकी हैं। अनंत जीत सिंह नरूका और दर्शना राठौड़ ने कुवैत के अब्दुल्ला अलरशीदी एमान अल शमा को 40.37 से हराकर स्वर्ण पदक जीता।

## खबर संक्षेप



### कोच्चि मैराथन को हरी झंडी दिखाएंगे सचिन

**कोच्चि।** महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर रविवार को यहां सालाना एजियास फेडरल लाइफ इंश्योरेंस कोच्चि स्पाइस कोस्ट मैराथन को हरी झंडी दिखाएंगे। महाराजा कॉलेज स्टेडियम से होने वाली इस मैराथन में 6000 से अधिक धावक भाग लेंगे। इसमें फुल मैराथन (42.2 किलोमीटर), हाफ मैराथन (21.1 किलोमीटर) और फन रन (पांच किलोमीटर) होगी। तेंदुलकर ने कहा, 'कोच्चि मैराथन हमेशा खास रहती है। इतने साल में अलग अलग वर्ग के लोगों ने फिटनेस के अपने सफर में इस मैराथन में भाग लिया है। आप अपनी फिटनेस का सफर किसी भी समय शुरू कर सकते हैं, उम्र का इससे कोई सरोकार नहीं है।'

### तेज गेंदबाजों के लिए ज्यादा कुछ नहीं

**कोलकाता।** बांग्लादेश के गेंदबाज तस्कीन अहमद ने शुक्रवार को कहा कि इस विश्व कप में बल्लेबाजों की मददगार विकेट होने का उनकी टीम को खामियाजा भुगतना पड़ा है क्योंकि गेंदबाजों के प्रभावी नहीं होने का असर टीम के प्रदर्शन पर पड़ा है। लगातार चार मैच हारने के बाद बांग्लादेश सेमीफाइनल की दौड़ से लगभग बाहर है। तस्कीन ने नीदरलैंड के खिलाफ मैच से पहले कहा, 'मैने इस विश्व कप में देखा कि गेंदबाजों के लिए कुछ नहीं है। यह बल्लेबाजों का मददगार विकेट है। सारे मैदान ऐसे ही हैं।'

### हॉकीः भारत ने थाईलैंड को 7-1 से हराया

**रांची।** संगीता कुमारी की हैट्रिक की मदद से भारत ने महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट के अपने शुरुआती मैच में शुक्रवार को यहां थाईलैंड को 7-1 से पराजित किया। एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम ने शुरू से लेकर आखिर तक दबदबा बनाए रखा और किसी भी समय थाईलैंड की टीम को हावी नहीं होने दिया। भारत की तरफ से संगीता (29वें, 45वें, 45वें मिनट), मोनिका (7वें), सलीमा टेटे (15वें), दीपिका (40वें) और लालरेम्सियामी (52वें मिनट) ने गोल किए। थाईलैंड की ओर से एकमात्र गोल सुपांसा सामांसो ने 22वें मिनट में किया। भारतीय टीम अपने अगले मैच में शनिवार को मलेशिया का सामना करेगी।

# टीम इंडिया ने किया अभ्यास शॉर्ट गेंदों पर गिल का फोकस

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

इंग्लैंड के खिलाफ विश्व कप के मुकाबले से दो दिन पहले भारत के सात क्रिकेटरों ने यहां कड़ा अभ्यास किया और शुभमन गिल का फोकस शॉर्ट गेंदों पर रहा। इस साल पांच शतक जड़ चुके गिल डेंगू से उबरने के बाद से विश्व कप में उस लय मे नहीं दिखे हैं। डेंगू के कारण वह पहले दो मैचों से बाहर रहे थे। उसके बाद से उन्होंने 26, 53 और 16 रन की पारियां खेली है।

इस साल वनडे क्रिकेट में अब तक 1325 रन बना चुके गिल विश्व कप में अच्छी शुरुआत को बड़ी पारियों में नहीं बदल सके हैं। भारत को अगर अपना अजेय अभियान कायम रखना है तो गिल को बड़ी पारी खेलनी होगी। वैकल्पिक अभ्यास सत्र में ईशान किशन, रविंद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी और कुलदीप यादव ने भी भाग लिया। कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह टीम होटल में ही रहे।



### हार्दिक की गैर मौजूदगी ने अश्विन का चयन किया मुश्किल

रविचंद्रन अश्विन को तीसरे स्पिनर के तौर पर लखनऊ में उतारने का फैसला आसान होता लेकिन स्टार हरफनमौला हार्दिक पंड्या की गैर मौजूदगी ने भारतीय टीम प्रबंधन को रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले विश्व कप के मैच से पहले सोचने पर मजबूर कर दिया है। छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले तीसरे तेज गेंदबाज हार्दिक अंतिम एकादश को संतुलन देते हैं। धर्मशाला में उनकी गैर मौजूदगी में भारतीय टीम में दो बदलाव करने पड़े थे। भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर लगातार पांचवीं जीत दर्ज की थी। हार्दिक के रहने से भारत के पास गेंदबाजी के छह विकल्प होते हैं लेकिन खराब फॉर्म से जूझ रहे इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय टीम पांच गेंदबाजों के साथ उतर सकती है।

# भारत ने पाकिस्तान के साथ 3-3 से ड्रा खेला

एजेंसी ▶▶ जोहोर बाहरू

गत चैंपियन भारत ने दो बार पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को सुल्तान जोहोर कप जूनियर पुरुष हॉकी टूर्नामेंट में शुक्रवार को यहां 3-3 से ड्रॉ पर रोका।

भारत की तरफ से अमनदीप लाकड़ा (30वें मिनट), आदित्य अर्जुन लालेज (56वें) और उत्तम सिंह (59वें) ने गोल करके टीम के लिए एक अंक सुनिश्चित किया। पाकिस्तान के लिए अरबाज अहमद (31वें, 58वें) और अब्दुल शाहिद (49वें) ने गोल किये। टूर्नामेंट के



शुरुआती मैच में दोनों टीमों ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन किया। दिसंबर में मलेशिया में होने वाले जूनियर विश्व कप से पहले यह टूर्नामेंट सभी टीमों के लिए कड़ी परीक्षा होगा। भारत को गोल करने का पहला मौका 12वें मिनट में मिला लेकिन अंगद बीर सिंह का शॉट निशाने पर नहीं लगा।

# सेमीफाइनल में रन आउट के बाद ही ले लिया था संन्यास का फैसला

*मुंबई। न्यूजीलैंड के खिलाफ 2019 विश्व कप सेमीफाइनल में रन आउट होकर महेंद्र सिंह धोनी का पवेलियन लौटना भारतीय क्रिकेट के इतिहास के सबसे निराशाजनक पलों में से एक है। उस मैच में 18 रन से हारकर भारत के विश्व कप से बाहर होने के चार साल बाद धोनी ने खुलासा किया कि यही वह पल था जब उन्हें स्पष्ट हो गया कि उनका अंतरराष्ट्रीय कॅरियर खत्म हो गया है। मार्टिन गुप्टिल ने जब मैनचेस्टर में उस मैच में धोनी को रन आउट किया तब शायद ही किसी ने सोचा होगा कि यह धोनी का भारत के लिए आखिरी मैच है। धोनी ने हाल ही में बेंगलुरु में एक कार्यक्रम में कहा, 'एक करीबी मुकाबले में जज्बात पर काबू रखना मुश्किल होता है, खासकर जब आप हार गए हो। मैने तय कर लिया था कि यह भारत के लिए बतौर क्रिकेटर मेरा आखिरी*



*दिन है। उसके एक साल बाद मैने संन्यास की घोषणा की लेकिन मैने उसी दिन फैसला ले लिया था। हमें फिटनेस पर नजर रखने के लिये मशीनें दी जाती थी और जब भी मैं ट्रेनर को इसे लौटाने जाता तो वह कहते कि अभी अपने पास रखो। अब मैं उनसे कैसे कहता कि मुझे इसकी जरूरत नहीं है और होगी भी नहीं। उस समय तक मैने संन्यास का ऐलान नहीं किया था।'*

# शीतल को रिकॉर्ड दो स्वर्ण, अब तक भारत के 99 पदक...

**हांगझोउ।** भुजाहीन तीरंदाज शीतल देवी एशियाई पैरा खेलों में एक ही सत्र में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गई जिन्होंने महिलाओं के व्यक्तिगत कंपाउंड वर्ग में शुक्रवार को शीर्ष स्थान हासिल किया। जम्मू कश्मीर की 16 वर्ष की शीतल अपने पैरों से तीर चलाती है। इससे पहले उन्होंने कंपाउंड मिश्रित वर्ग में स्वर्ण और महिला युगल में रजत जीता था। किश्तवाड़ के दूरस्थ इलाके में सैन्य शिविर में पाई गई शीतल को भारतीय सेना ने बचपन में गोद ले लिया था। जुलाई में उन्होंने पैरा विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में सिंगापुर की अलीम नूर एस को 144.142 से हराकर स्वर्ण पदक जीता था। अंकुर धामा इस सप्ताह एक ही सत्र में दो स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने थे। भारत के अब तक 99 पदक हो गए हैं। 25 स्वर्ण, 29 रजत और 45 कांस्य पदकों के साथ भारत छठवें स्थान पर है।





## रीतिका बनीं अंडर-23 वर्ल्ड चैंपियन

**तिराना।** रीतिका हुडा 76 किग्रा स्पर्धा में अपनी खिताबी जीत के साथ शुक्रवार को यहां अंडर-23 विश्व चैंपियन बनने वाली दूसरी भारतीय और देश की पहली महिला पहलवान बन गईं जबकि एक अन्य भारतीय ज्योति बेरवाल ने 72 किग्रा के फाइनल में जगह बनाकर अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने की तरफ कदम बढ़ाए। रीतिका ने फाइनल में अमेरिका की केनेडी एलेक्सिस ब्लेड्स को 9-2 से हराया। महिलाओं के 72 किग्रा में ज्योति ने क्वार्टर फाइनल में यूक्रेन की इतिना ज़बलोतस्का को 9-0 से और सेमीफाइनल में तुर्की की बुकरेनाज सर्ट को 7-0 से हराया।

## लगातार तीन जीत दर्ज करके कंगारु टीम ने की है वापसी

# आस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड में आज होगा रोमांचक जंग

एजेंसी ▶▶ धर्मशाला

आत्मविश्वास से ओतप्रात आस्ट्रेलियाई टीम शनिवार को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ उतरेगी तो उसका लक्ष्य विश्व कप में उसके खिलाफ अपना शानदार रिकॉर्ड बरकरार रखने का होगा। मेजबान भारत और दक्षिण अफ्रीका से हारने के बाद लगातार तीन जीत दर्ज करके आस्ट्रेलियाई टीम ने वापसी की है।

पिछले मैच में उसने नीदरलैंड को 309 रन से हराकर विश्व कप में सबसे बड़ी जीत दर्ज की। पांच बार की चैंपियन टीम अंकतालिका में चौथे स्थान पर है



जबकि न्यूजीलैंड तीसरे स्थान पर है। पैट कमिंस की कप्तानी वाली आस्ट्रेलियाई टीम जीत का सिलसिला बरकरार रखते हुए सेमीफाइनल का अपना दावा पुख्ता करना चाहेगी। न्यूजीलैंड खिताब के प्रबल दावेदारों में से है लेकिन द्विपक्षीय वनडे और विश्व कप में आस्ट्रेलिया के खिलाफ उसका रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है। विश्व कप में अब तक आस्ट्रेलिया के खिलाफ 11 मैचों में से उसने सिर्फ तीन जीते हैं। वहीं आस्ट्रेलिया ने उसके खिलाफ 141 वनडे में से 95 में जीत दर्ज की है। न्यूजीलैंड ने आखिरी बार वनडे में आस्ट्रेलिया को छह साल पहले 2017 में हराया था। आस्ट्रेलिया ने पिछले मैच में एक ईकाई के रूप में शानदार प्रदर्शन किया। उसने आठ विकेट पर 399 रन बनाए जो इस विश्व कप

### ईडन पर बांग्लादेश के सामने डच चुनौती

***कोलकाता।*** *विश्व कप का कारवां अब ईडन गार्डंस पहुंच गया है जहां शनिवार को नीदरलैंड और बांग्लादेश सेमीफाइनल में पहुंचने की थोड़ी बहुत उम्मीदें बनाए रखने के लिए एक दूसरे के आमने सामने होंगे। खेलों को लेकर दीवानगी के लिए मशहूर शहर दुर्गापूजा के बाद अब क्रिकेट का उत्सव मनाने के लिए तैयार है। विश्व कप शुरू हुए 23 दिन और 27 मैच हो चुके हैं लेकिन ईडन पर यह पहला मुकाबला है। विश्व कप को लेकर यहां रोमांच हालांकि नजर नहीं आ रहा। इस मैदान पर भारत और दक्षिण अफ्रीका के मैच के अलावा दूसरा सेमीफाइनल भी होना है। बांग्लादेश और नीदरलैंड ने अब तक चार में से एक ही मैच में जीत दर्ज की है।*

# शतरंज : अर्जुन ने गुइजारो को हराया, नारायणन ने ड्रॉ खेला

एजेंसी ▶▶ आइल आफ मैन

अपने पारंपरिक आक्रामक अंदाज में खेलते हुए ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी ने फिडे ग्रैंड स्विस शतरंज में स्पेन के एंटोन गुइजारो को हराया जबकि एस एल नारायणन ने ग्रैंडमास्टर अब्दुसत्तोरोव नोदिरबेक से ड्रॉ खेला।

अर्जुन ने 40 चालों के बाद बाजी जीती। वहीं कतर मास्टर्स में तीसरे स्थान पर रहे केरल के नारायणन ने 33 चालों के बाद ड्रॉ खेला। रौनक साधवानी ने शानदार फॉर्म जारी रखते हुए अमेरिका के हिकारू नकामूरा को ड्रॉ पर रोका। यह मुकाबला 25 चालों तक ही चला। पहले दौर में हालैंड के एरविन लामी से हारने के बाद ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती ने शानदार वापसी करते हुए हमवतन अभिजीत गुप्ता को हराया। महिला वर्ग में पूर्व विश्व चैम्पियन तान झोंगयी ने दिव्या देशमुख को हराया जबकि बी सविता को पूर्व विश्व चैम्पियन एंतोआनेता स्टेफानोवा ने मात दी। ग्रैंडमास्टर द्रोणवल्ली हरिका को हंगरी की होआंग तांग त्रांग ने ड्रा पर रोका। वहीं तानिया सचदेव ने जर्मनी की दिनारा वेगनेर से ड्रॉ खेला।



गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

**इसरो ने बताया नया अपडेट, चांद पर बिखर गई थी 2.06 टन लूनर मिट्टी**

# चांद पर चंद्रयान-3 के लैंड करते ही हुआ था बड़ा 'धमाल'

*भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने शुक्रवार को खुलासा किया कि चंद्रयान-3 ने 23 अगस्त को चांद पर लैंडिंग करते ही चांद की सतह पर एक इजेक्ट हेलो बना दिया। इसरो के वैज्ञानिकों ने अनुमान लगाया कि विक्रम लैंडर के चांद पर लैंड करते ही करीब 2.06 टन लूनर मिट्टी चांद पर करीब 108.4 वर्ग मीटर एरिया में फैल गई।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मिशन मून के तहत चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक लैंडिंग कर इतिहास रचने वाले इसरो ने चंद्रयान-3 को लेकर नया अपडेट दिया है। इसरो ने बताया है कि जब चंद्रयान-3 की चांद पर लैंडिंग हुई तो उस वक्त चांद पर क्या हुआ था और वहां का कैसा नजारा दिखा था। इसरो यानी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने शुक्रवार को खुलासा किया कि चंद्रयान-3 ने 23 अगस्त को चांद पर लैंडिंग करते ही चांद की सतह पर एक इजेक्ट हेलो बना दिया। इसरो के वैज्ञानिकों ने अनुमान लगाया कि विक्रम लैंडर के चांद पर लैंड करते ही करीब 2.06 टन लूनर मिट्टी चांद पर करीब 108.4 वर्ग मीटर एरिया में फैल गई।

**खास बातें**

- करीब 108 .4 एम2 एरिया तक हुआ था लैंडिंग का असर
- चंद्रमा के दक्षिण ध्रुवीय क्षेत्र में शिव शक्ति बिंदु पर उतरे थे
- चंद्रयान-3 के लैंडर मॉड्यूल ने चंद्र सामग्री का एक शानदार 'इजेक्टा हेलो' उत्पन्न किया
- इसरो प्रमुख ने स्पष्ट किया कि 'चंद्रयान-3' मिशन का उद्देश्य पूरा हो गया



### अभी स्लीप मोड में है प्रज्ञान

बता दें कि इससे पहले इसरो चीफ एस. सोमनाथ ने कहा था कि चंद्रयान-3 का रोवर 'प्रज्ञान' चंद्रमा की सतह पर सुप्तावस्था में है, लेकिन इसके फिर से सक्रिय होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। सोमनाथ ने कहा कि अंतरिक्ष एजेंसी इस बात से भली-भांति अवगत है कि रोवर और लैंडर 'विक्रम' चंद्रमा की सतह पर सुप्तावस्था या निष्क्रिय अवस्था में चले गए हैं।

### 14 दिन तक चला था सर्च अभियान

दरअसल, चंद्रयान-3 ने 23 अगस्त को चंद्रमा पर ऐतिहासिक लैंडिंग की थी। लैंडर मॉड्यूल, जिसका नाम विक्रम और रोवर प्रज्ञान है, चंद्रमा के दक्षिण ध्रुवीय क्षेत्र में शिव शक्ति बिंदु पर उतरे थे और वहां 14 दिनों तक चांद के रहस्यों का पता लगाते रहे और डेटा भेजकर फिर स्लीप मोड में चले गए। इसरो की ओर से चंद्रयान-3 मिशन को पूरी तरह सफल बताया गया है। इसरो चीफ सोमनाथ का कहना है कि चंद्रयान-3 से जितनी अपेक्षा थी, उससे अधिक काम किया और इसने अपने मकसद में कामयाबी हासिल की।

### इसरो ने बताया लैंडिंग साइट का हाल

इसरो ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि 'जैसे ही चंद्रयान-3 की लैंडिंग चंद्रमा पर हुई, चंद्रयान-3 के लैंडर मॉड्यूल ने चंद्र सामग्री का एक शानदार 'इजेक्टा हेलो' उत्पन्न किया। घटना को इसरो के एक विंग नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर के वैज्ञानिकों द्वारा कैप्चर किया गया और उसका विश्लेषण किया गया। निष्कर्षों के अनुसार, विक्रम लैंडर के लैंड करते हुए करीब 2.06 टन चंद्र एपिरेगोलिथ यानी लूनर मिट्टी लैंडिंग स्थल के आसपास 108.4 वर्ग मीटर के क्षेत्र में फैल गई और विस्थापित हो गई।

### चंद्रयान-3 का उद्देश्य पूरा

उन्होंने कहा कि 'चंद्रयान-3' मिशन का उद्देश्य 'सॉफ्ट लैंडिंग' था और इसके बाद अगले 14 दिन तक प्रयोग किए गए और सभी जरूरी आंकड़े एकत्र कर लिए गए हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या इसरो को अब भी उम्मीद है कि रोवर फिर से सक्रिय हो जाएगा, उन्होंने कहा था कि उम्मीद रखने का कारण हैं। सोमनाथ ने अपनी 'उम्मीद' के कारण बताते हुए कहा कि इस मिशन में एक लैंडर और एक रोवर शामिल थे। उन्होंने बताया कि चूँकि लैंडर एक विशाल संरचना है, इसलिए इसका पूरी तरह से परीक्षण नहीं किया जा सका। इसरो प्रमुख ने स्पष्ट किया कि 'चंद्रयान-3' मिशन का उद्देश्य पूरा हो गया है। उन्होंने कहा कि इसरो मिशन के माध्यम से एकत्र किए गए वैज्ञानिक डेटा का पता लगाने की कोशिश कर रहा है।

---

## खबर संक्षेप

### शी जिनपिंग को सता रहा तख्तापलट का डर!

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग को तख्तापटल का डर सता रहा है। यही वजह है कि वे



अपने विरोधी मंत्रियों को हटाने में जरा भी देर नहीं कर रहे हैं। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने पहले विदेश मंत्री क्विन गैंग को पद से हटाया। रिपोर्ट्स की मानें तो अब रक्षा मंत्री ली शंगफू को भी पद से हटा दिया गया है। महज तीन महीने के अंदर चीन के दो हाई प्रोफाइल मंत्रियों की छुट्टी कर दी गई।

### अपने ही सैनिकों को मार रहा रूस, अमेरिका का दावा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने एक बार फिर रूस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। व्हाइट हाउस ने गुरुवार को दावा



किया कि रूस यूक्रेन के साथ युद्ध के दौरान अपने ही सैनिकों को मार रहा है। व्हाइट हाउस का कहना है कि रूस अपने उन सैनिकों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है, जो जंग में अपने सीनियर्स की बात नहीं मान रहे हैं। व्हाइट हाउस में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने ये आरोप रूस पर लगाए हैं।

### यूक्रेन को 150 मिलियन डॉलर देने का ऐलान

**वाशिंगटन।** रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध जारी है। इस लड़ाई में अमेरिका लगातार यूक्रेन की मदद



कर रहा है। इसके मद्देनजर एक बार फिर वॉशिंगटन ने कीव के लिए नई सैन्य सहायता का एलान किया है। इस नए पैकेज में तोपखाने और छोटे हथियारों के गोला-बारूद के साथ-साथ टैंक रोधी हथियार भी शामिल हैं। रूस की आक्रामकता का जवाब देने यह एलान किया।

### यूएस में शिक्षिका-छात्र का रिश्ता तार-तार

**वाशिंगटन।** अमेरिका के मिसौरी से एक हैरान करने वाली खबर सामने आ रही है। यहां 25 वर्षीय एक शिक्षिका ने गुरु और छात्र के बीच के रिश्तों को तार-तार करके रख दिया है। दरअसल, मिसौरी में एक शिक्षिका को अपने स्कूल में पढ़ने वाले 16 साल के छात्र का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

---

*ओमान के विदेश मंत्री अल्बुसैदी और जयशंकर के बीच बातचीत*

# गाजा में तत्काल युद्धविराम की महत्वपूर्ण आवश्यकता

*हमास-इजराइल युद्ध के बीच विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपने समकक्ष ओमानी विदेश मंत्री बद्र अलबुसैदी से बात की। दोनों से द्विपक्षीय मुद्दों के साथ-साथ क्षेत्र में युद्धविराम पर जोर दिया।*

**सोशल मीडिया पर दी थी जानकारी**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में चल रहे हमास-इजराइल युद्ध को लेकर भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपने ओमानी समकक्ष बद्र अलबुसैदी ने बात की। इसकी जानकारी ओमानी विदेश मंत्री अल्बुसैदी ने सोशल मीडिया साइट पर पोस्ट कर दी। उन्होंने कहा कि भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर से अच्छी बातचीत हुई। उन्होंने इस दौरान गाजा में तत्काल युद्धविराम की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर जोर दिया। अलबुसैदी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून का सम्मान करना सभी का दायित्व है। वहीं विदेश मंत्री जयशंकर ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि ओमानी विदेश मंत्री बद्र अलबुसैदी से द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा हुई। साथ ही पश्चिम एशिया में संकट पर विचारों का आदान- प्रदान किया। बड़ी संख्या में अरब देश हमास और इजराइल के बीच युद्धविराम की वकालत कर रहे हैं।

**खास बातें**

- दोनों विदेश मंत्रियों के मध्य पश्चिम-एशिया में बढ़ रहे तनाव पर चर्चा
- अंतरराष्ट्रीय कानून का सम्मान करना सभी का दायित्व
- पश्चिम एशिया में संकट पर विचारों का आदान-प्रदान
- अरब देश हमास और इजराइल के बीच युद्धविराम की कर रहे वकालत

### भारत ने फिलिस्तीनियों के लिए भेजी 38 टन राहत सामग्री



इससे पहले जयशंकर ने सऊदी विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान और संयुक्त अरब अमीरात के अपने समकक्ष शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान के साथ पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा की थी। 7 अक्टूबर को हमास द्वारा इजराइल पर किए गए अभूतपूर्व हमलों में 1,400 से अधिक लोग मारे गए थे। हमास ने गाजा में 220 से अधिक लोगों को बंधक बना रखा है। गाजा में अधिकारियों के मुताबिक, इजराइल के जवाबी हमलों में करीब 6,500 लोग मारे गए हैं। भारत ने 22 अक्टूबर को फिलिस्तीन के लोगों के लिए दवाओं और चिकित्सा उपकरणों सहित 38 टन से अधिक राहत सामग्री भेजी।

### अंतरराष्ट्रीय कानून का सख्ती से पालन करें: जयशंकर

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने चीन पर कटाक्ष करते हुए कहा कि शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) को अंतरराष्ट्रीय कानून के सिद्धांतों का सख्ती से पालन करते हुए, एक-दूसरे की संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करके और आर्थिक सहयोग को प्रोत्साहित करते हुए क्षेत्र में स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम पवन, ऊर्जा और सौर ऊर्जा में चौथे स्थान पर हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून के सिद्धांतों का सख्ती से पालन करते हुए एक-दूसरे की संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करके, आर्थिक सहयोग को प्रोत्साहित करके क्षेत्र में स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में मध्य एशियाई राष्ट्रों के हितों को केंद्र में रखा जाना महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। दुनिया के कई हिस्सों में खाद्य सुरक्षा एक चुनौती बनी हुई है, उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के एक संभावित साधन के रूप में मोटे अनाज की ताकत का उपयोग करने में विश्वास करता है। जयशंकर ने कहा कि क्षेत्र में वस्तुओं के आयात-निर्यात, विचारों के निरंतर प्रवाह और लोगों की सतत आवाजाही ने हमारे रीति-रिवाजों, परंपराओं, भाषा और व्यंजनों पर अमिट छाप छोड़ी है। इन ऐतिहासिक रिश्तों को अब अधिक आर्थिक सहयोग के लिए एक खाका तैयार करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि भारत स्थायी, पारस्परिक रूप से लाभप्रद और वित्तीय रूप से व्यवहार्य समाधानों के लिए सदस्य देशों के साथ साझेदारी करने का इच्छुक है, क्योंकि यह (भारत) क्षेत्र के भीतर व्यापार में सुधार करने का प्रयास करता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के भीतर व्यापार में सुधार के लिए हमें मजबूत कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे की जरूरत है। भारत ने विकास की अपनी यात्रा में इन पहलुओं को भरपूर तवज्जो दी है। सभी देश संप्रभुता और अखंडता का सम्मान करें।

---

**हमले के सवाल से बौखलाया हमास**

# इजराइल पर हमले को लेकर हमास का बड़ा झूठ



एजेंसी ▶▶ गाजा

इज़राइल की सीमाओं पर हमले के दौरान किसी भी नागरिक को मारने का कोई आदेश नहीं था। यह बात हमास के प्रवक्ता और गाजा में उप विदेश मंत्री गाजी हमद ने एक साक्षात्कार के दौरान बताई। हालांकि, हमास के अधिकारी का बयान 7 अक्टूबर के हमले की जमीनी हकीकत का खंडन करता है, जिसमें फिलिस्तीन के आतंकवादी समूह के लड़ाके इज़राइल के दक्षिणी हिस्से में घुस गए और एक संगीत समारोह में न सिर्फ तोड़फोड़ की, बल्कि वहां मौजूद 260 लोगों की हत्या कर दी एवं कई अन्य को घायल कर दिया। उस हमले के बाद, इजराइली नागरिकों पर घातक हमले के वीडियो क्लिप और चित्र सामने आए, जो अपने बिस्तर पर ही मारे गए थे, जिससे उनके शव खून से लथपथ होकर सड़ने लगे थे। अपने बयान का बचाव करते हुए हमद ने कहा कि 'क्योंकि क्षेत्र बहुत विस्तृत था' इसलिए वहां 'झड़पें और टकराव' हो रहे थे।

### हमले में कमांडर मदथ मुबशर ढेर

इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) के जवान गाजा पट्टी में लगातार कार्रवाई कर रहे हैं। गाजा पट्टी में हमास के आतंकी ठिकानों को चुन-चुन कर निशाना बनाने का दावा कर रही आईडीएफ को उस समय बड़ी सफलता मिली जब हमास के पश्चिमी खान यूनिस बटालियन के कमांडर मदथ मुबशर को मार गिराया गया। सेना ने एक बयान में कहा, लगातार दूसरी रात, इजराइली सैनिकों ने गाजा के अंदर लक्षित हमले किए। इजराइली सेना ने कहा कि आईडीएफ ने पिछले दिनों गाजा पट्टी में हमास के 250 से अधिक ठिकानों पर भी हमला किया। बता दें, 7 अक्टूबर के हमले और उसके बाद हमास द्वारा किए गए हमलों में इजराइल के 1,400 लोगों की जान चली गई। माना जाता है कि 200 से अधिक लोगों को बंधक बना लिया गया। युद्ध से दोनों देशों को बड़ा नुकसान हुआ।

### सवालों से घबराया, फेंका माइक

यह कोई टकराव नहीं था जब लड़ाकों ने घरों पर हमला किया और लोगों को उस समय मार डाला जब वे सो रहे थे के सवाल पर हमद ने कहा कि मैं आपको बता सकता हूं कि हमारा नागरिकों को मारने का कोई इरादा या निर्णय नहीं था। जवाब से संतुष्ट नहीं होने पर पत्रकार ने हमास के अधिकारी से हत्याओं को उचित ठहराने के सवाल पर हमद ने घबराकर माइक को फर्श पर पटक दिया कि मैं इस साक्षात्कार को रोकना चाहता हूं।

---

**एक और 'सीमा'... अवैध एंट्री पर जेल**

# प्रेमी से शादी रचाने सरहद पार बांग्लादेश से आई भारत




एजेंसी ▶▶ अगरतला

अपने प्रेमी से शादी करने के लिए अंतरराष्ट्रीय सीमा पार करने वाली बांग्लादेश की एक महिला को उत्तर त्रिपुरा जिले के धर्मनगर में अवैध रूप से घुसने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। धर्मनगर उपमंडल के फुलबारी में आयुर्वेद की दवाएं देने वाला नूर जलाल (34) आए दिन बांग्लादेश के मौलवी बाजार में जाता था।

### 15 दिन पहले वह शादी के लिए अवैध तरीके से धर्मनगर पहुंची

धर्मनगर के उपमंडलीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) देबाशीष साहा ने फोन पर कहा कि इसी दौरान फातिमा नुसरत नामक महिला को नूर से प्यार हो गया और करीब 15 दिन पहले वह उससे शादी करने के लिए अवैध तरीके से धर्मनगर पहुंच गई। उन्होंने कहा कि नूर और फातिमा दोनों फुलबारी में रह रहे थे। हाल में हमें एक बांग्लादेशी महिला के बारे में सूचना मिली और गुरुवार को उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

---

**इमरान खान को जेल में हत्या की आशंका**

# दो बार हो हुई कोशिश, धीमा जहर देकर भी मार सकते हैं

एजेंसी ▶▶ लाहौर

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने आशंका जताई है कि जेल में उन्हें धीमा जहर देकर उनकी जान लेने की एक और कोशिश की जा सकती है, क्योंकि उन्होंने देश छोड़ने से इनकार कर दिया है। इमरान खान ने अपने परिवार द्वारा 'एक्स' पर पोस्ट किए गए संदेश में कहा कि 'चूंकि, मैं अपना देश छोड़ने के लिए सहमत नहीं होऊंगा, इसलिए वे (देश के शक्तिशाली प्रतिष्ठान) जेल में मेरे बंद रहने के दौरान मेरी जान लेने की एक और कोशिश कर सकते हैं।

### खान ने कहा-सभी मामले फर्जी और राजनीति से प्रेरित

इमरान खान ने अपने खिलाफ दर्ज सभी मामलों को पूरी तरह से फर्जी



बताते हुए कहा कि ये मामले गढ़े हुए हैं और चुनाव तक, या उसके बाद की एक विशेष अवधि तक उन्हें जेल में रखने के मकसद से दर्ज किए गए हैं। पिछले कुछ दिनों में देश ने कानून का मखौल देखा है और उन्होंने पीएम नवाज शरीफ के खिलाफ अक्सर लगाए आरोपों को दोहराया।

---

*भारत के खिलाफ रच रहे बड़ी साजिश, हुआ खुलासा*

# कनाडा में खालिस्तानी आतंकियों ने बनाया 8 गुरुद्वारों को नया 'अड्डा'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

खालिस्तानी अलगाववादी आतंकियों ने जनमत संग्रह के जरिए कनाडा के गुरुद्वारों को अपने भारत विरोधी एजेंडे का अड्डा बना लिया है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के बयान के बाद ही सरे गुरुद्वारे से इस एजेंडे को हवा देने की शुरुआत हुई है। अब खुफिया एजेंसी के सूत्रों के मुताबिक कनाडा के 8 और गुरुद्वारों में इस साजिश को फैलाने का प्लान बनाया गया है। सूत्रों ने बताया कि कनाडा में 8 ऐसे गुरुद्वारे हैं जिसमें खालिस्तानी अलगाववादी आतंकियों का सीधा प्रभाव है, जिसमें सरे का गुरुद्वारा प्रमुख है।

### इन गुरुद्वारों में रची जा रही साजिश

ज्यादातर गुरुद्वारे जो खालिस्तानी अलगाववादी आतंकियों के निशाने पर




हैं, वो नॉन प्रॉफिट गुरुद्वारे हैं जिनका मैनेजमेंट चुनाव के जरिए तय होता है। इन्हीं को खालिस्तानी अलगाववादी आतंकी निशाना बना रहे हैं। गुरुद्वारा दशमेश दरबार, गुरुनानक सिख टेंपल, डिक्सी गुरुद्वारा, प्रमुख गुरुद्वारा हैं जहां पिछले एक महीने में भारत विरोधी गतिविधियों की जानकारी मिली है। ये जानकारी मिलने के बाद भारतीय एजेंसियों ने भी सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है और कनाडा सरकार को इस बाबत सारी सूचना मुहैया करवाई जा रही है।

### निज्जर की हत्या से दोनों देशों के बीच तनाव

ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में 18 जून को हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंट की 'संभावित' संलिप्तता के संबंध में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा लगाए गए आरोपों के बाद सितंबर महीने में भारत और कनाडा के बीच तनाव बढ़ गया था। इसके बाद कनाडा और अन्य देशों में कनाडाई नागरिकों के लिए सेवाएं निलंबित कर दी गई थीं। भारत ने 2020 में निज्जर को आतंकवादी घोषित किया था।

---

**दोनों फाइटर जेट्स के बीच महज 10 फीट की दूरी थी, बड़ी दुर्घटना टली**

# इजराइल-हमास जंग के बीच बढ़ गई अमेरिका-चीन में बड़ी टेंशन भड़का अमेरिका, बोला-चीन अपनी हरकतों से नहीं आ रहा है बाज

**साउथ चाइना सी के ऊपर उड़ान भर रहे अमेरिकी फाइटर जेट बी-52 बॉम्बर के बेहद करीब चीनी फाइटर जेट आ गया। दोनों के बीच महज दस फीट की ही दूरी बची हुई थी**

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

इन दिनों दुनियाभर के कई देशों के बीच तनातनी चल रही है। एक तरफ रूस और यूक्रेन के बीच लंबे समय से युद्ध चल रहा है तो इसी महीने इजराइल और हमास के बीच भी जंग शुरू हो गई। वहीं, भारत-चीन और अमेरिका-चीन के बीच भी रिश्तों में दरार पड़ी हुई है। अमेरिका और चीन में तनाव के इस दौर में एक बड़ी दुर्घटना होते-होते बच गई। दरअसल, साउथ चाइना सी के ऊपर उड़ान भर रहे अमेरिकी फाइटर जेट बी-52 बॉम्बर के बेहद करीब चीनी फाइटर जेट आ गया। दोनों के बीच महज 10 फीट की ही दूरी बची हुई थी और हल्की भी चूक होती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

**खास बातें**

- इन दिनों दुनियाभर के कई देशों के बीच चल रही तनातनी
- हल्की भी चूक होती तो हो सकता था बड़ा हादसा
- इस मामले में चीन ने अमेरिका पर ही दोष मढ़ दिया

### अमेरिकी इंडो-पैसिफिक कमांड ने देर रात जारी किया बयान




अमेरिकी इंडो-पैसिफिक कमांड ने देर रात जारी बयान में कहा कि रात्रि में शेनयांग जे-11 ट्विन इंजन वाला फाइटर विमान अनियंत्रित अत्यधिक गति से बी-52 के 10 फीट के पास उड़ान भरते हुए अमेरिकी वायु सेना के विमान के नजदीक आ गया, जिससे दोनों विमान खतरे में पड़ गए। सेना ने कहा कि हमें चिंता है कि यह पायलट इस बात से अनजान था कि वह टक्कर के कितने करीब आ गया था। वहीं, इस मामले में चीन ने अमेरिका पर ही दोष मढ़ दिया है।

### साउथ चाइना सी में दादागीरी दिखाता रहा है चीन

पिछले दिनों साउथ चाइना सी में ही चीन ने दादागिरी दिखाई थी। चीनी तट रक्षक बल के एक जहाज ने साउथ चाइना सी के विवादित तट पर फिलिपीन के जहाज और सेना द्वारा संचालित नौका को टक्कर मार दी थी, जिसके बाद चीन और फिलिपीन में विवाद बढ़ गया था। इस टक्कर के बाद भी अमेरिका नाराज हो गया था और घटना की निंदा की थी। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने चीन को चेतावनी दी थी कि किसी भी हमले की स्थिति में अमेरिका फिलीपींस की रक्षा करेगा। चीन ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा था कि अमेरिका को मनीला के साथ बीजिंग के विवादों में हस्तक्षेप करने का कोई अधिकार नहीं है। प्रवक्ता माओ ने कहा कि फिलीपींस के प्रति अमेरिकी रक्षा प्रतिबद्धता को साउथ चाइना सी में चीन की संप्रभुता और समुद्री अधिकारों और हितों को कमजोर नहीं करना चाहिए।

**अंतरराष्ट्रीय हवाई सुरक्षा नियमों का पालन करे चीन**

अमेरिकी सेना ने कहा कि उस समय दृश्यता (विजिबिलिटी) बहुत सीमित थी और यह हरकत अंतरराष्ट्रीय हवाई सुरक्षा नियमों के विपरीत है। अमेरिका का कहना है कि अगर समय से उनका पायलट विमान को नहीं बचाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। इसके साथ ही अमेरिका ने चीन को चेतावनी भी दी है। चीन ने अमेरिका के इन दावों पर अभी तक किसी तरह की प्रतिक्रिया नहीं दी है। हालांकि इस तरह की यह घटना कोई पहली बार नहीं है। इससे पहले भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com